आनंद का सच्चा भाव®
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹90803/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹110900/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹121058/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
*Conditions apply
anand Jewels
Pandri, Raipur

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी





## दूर से नजर आ रही थी आग की लपटें

*स्थानीय निवासी राजधर पांडे ने कहा, 'मैंने अपने घर से आग की लपटें देखीं और फिर नीचे आकर देखा कि क्या हुआ है। जोरदार धमाका हुआ। मैं पास में ही रहता हूं।*

## खास बातें

- *राष्ट्रीय राजधानी में बड़ा धमाका, आतंकी हमला या कुछ और, सभी एंगल से हो रही जांच*
- *कार के पुर्जे उड़कर दूर-दूर तक बिखरे, मौके पर दिखा तबाही का मंजर*
- *केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने घटनास्थल का लिया जायजा, अस्पताल पहुंचे घायलों से की मुलाकात*
- *प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय मंत्री शाह से फोन पर बात की*
- *केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने आईबी चीफ और दिल्ली पुलिस कमिश्नर ली जानकारी*
- *लाल किला के गेट नंबर 1 और 4 पर प्रवेश व निकास प्रतिबंधित*

# दहली दिल्ली, कार में विस्फोट, 8 की मौत, 24 घायल, देशभर में अलर्ट

*राष्ट्रीय राजधानी 14 साल बाद एक बार फिर दहल उठी। दिल्ली में लाल किले के पास चलती कार में गुरुवार शाम धमाका हुआ। विस्फोट इतना जोरदार था कि आसपास खड़ी गाड़ियों के परखच्चे उड़ गए। धमाके में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और 24 घायल हो गए। इस घटना के बाद देशभर में अलर्ट जारी किया गया है। इस बीच, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की और घटनास्थल का भी जायजा लिया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भीड़भाड़ वाले इलाके में व्यस्त समय में हुए विस्फोट के कारण आसपास मौजूद कई वाहन जलकर खाक हो गए, जबकि कई गाड़ियों की खिड़कियों के शीशे टूट गए। विस्फोट में घायल लोगों को लोक नायक जय प्रकाश (एलएनजेपी) अस्पताल ले जाया गया। दिल्ली के पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा ने कहा कि जिस कार में विस्फोट हुआ, उसमें कुछ लोग सवार थे। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के मुताबिक, विस्फोट एक चलती हुंडई आई20 कार में हुआ, जिसमें तीन लोग सवार थे। हमें घायलों के शरीर में कोई छर्रा या पंचर नहीं मिला है, जो बम विस्फोट में असामान्य है। हम सभी कोण से जांच कर रहे हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कार नदीम खान नामक व्यक्ति के नाम पर पंजीकृत थी और उस पर हरियाणा की नंबर प्लेट लगी हुई थी। अधिकारियों के अनुसार, विस्फोट के बाद पूरी दिल्ली में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि शहर की सीमा पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है और वाहनों की जांच तेज कर दी गई है। चांदनी चौक व्यापारी संघ की ओर से साझा किए गए वीडियो में विस्फोट का भयावह मंजर देखा जा सकता है। इस वीडियो में एक क्षत-विक्षत शव एक वाहन पर पड़ा हुआ दिखाई दे रहा है।

## दिल्ली पुलिस कमिश्नर बोले- धमाका सामान्य नहीं

लाल किले मेट्रो स्टेशन के पास हुए धमाके पर दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोल्चा ने बताया कि शाम करीब 6 बजकर 52 मिनट पर एक धीरे चल रही कार ट्रैफिक सिग्नल पर रुकी थी। तभी उसमें अचानक विस्फोट हुआ। आयुक्त गोल्चा ने कहा, धमाके की वजह से आसपास खड़ी कई गाड़ियां भी क्षतिग्रस्त हो गईं। सभी एजेंसियां - फॉरेंसिक साइंस लैब और राष्ट्रीय जांच एजेंसी मौके पर पहुंचे और जांच की। उन्होंने पुष्टि की कि "कुछ लोगों की मौत हुई है और कुछ घायल हुए हैं। सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है, और स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

## सड़क पर बिखरे पड़े थे शरीर के अंग

एक स्थानीय व्यक्ति ने धमाके बाद सड़क पर बहुत ही डरावना दृश्य देखा। जब हम पास पहुँचे, तो देखा कि सड़क पर शवों के अंग बिखरे पड़े थे। कोई समझ नहीं पा रहा था कि क्या हुआ। कई कारें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। मैं इसे शब्दों में बयां नहीं कर सकता। इसके बाद उन्होंने पुलिस को फोन किया।




## छह कारें, दो ई-रिक्शा खाक

दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट के कारण लगी आग में छह कारें, दो ई-रिक्शा और एक ऑटोरिक्शा जलकर खाक हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि कई मीटर दूर खड़े वाहनों की खिड़कियों के शीशे टूट गए। उन्होंने बताया कि धमाके की आवाज आईटीओ तक भी सुनी गई। घटना में घायल एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि विस्फोट संभवतः एक कार में हुआ।

## पीएम ने जाना हाल मौके पर पहुंचे गृहमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी स्थिति का जायजा लिया और गृह मंत्री अमित शाह से बात की। उन्होंने विस्फोट में लोगों की मौत पर शोक भी जताया। इधर, गृह मंत्री शाह ने दिल्ली पुलिस प्रमुख और खुफिया ब्यूरो (आईबी) के निदेशक से बात करके स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने एनएसजी, एनआईए और फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला के प्रमुखों को निर्देश दिया कि वे विस्फोट स्थल पर विशेषज्ञ दल भेजकर जांच में मदद करें और साक्ष्य जुटाएं।



## आंखों देखी

एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी ने कहा, मैं गुरुद्वारे में था, तभी मैंने एक तेज आवाज सुनी। हम हक्के-बक्के रह गए। कई गाड़ियों के परखच्चे उड़ गए थे। चांदनी चौक व्यापारी संघ के अध्यक्ष संजय भार्गव ने कहा कि विस्फोट के मद्देनजर चांदनी चौक बाजार मंगलवार को बंद रहेगा। भार्गव की दुकान घटनास्थल से लगभग 800 मीटर दूर है। उन्होंने बताया कि बताया कि विस्फोट के कारण पूरी इमारत हिल गई, बाजार में अफरा-तफरी मच गई और लोग ▶▶| शेष पेज 6 पर

## सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, ताकि उस मार्ग का पता लगाया जा सके, जहां से कार विस्फोट से पहले गुजरी थी। वह स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है और प्रत्यक्षदर्शियों से घटना से पहले किसी भी संदिग्ध गतिविधि के बारे में जानकारी साझा करने के लिए कह रही है। अधिकारियों के मुताबिक, मोबाइल डंप डेटा एकत्र किया जा रहा है और संदिग्ध आतंकवादियों के दस्तावेजों की जांच की जा रही है।



### आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़

# दो डॉक्टर समेत सात गिरफ्तार, 2,900 किलो विस्फोटक बरामद

*जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक बड़े अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय आतंकी नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। देश के विभिन्न हिस्सों से तीन चिकित्सकों समेत आठ लोगों को गिरफ्तार कर 2,900 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री जब्त की गई। उनके कब्जे से भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद भी बरामद किए गए हैं। पुलिस का दावा है कि इन गिरफ्तारियों और जब्ती से जम्मू-कश्मीर, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में फैले जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवातुल हिंद के आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ हुआ है।*

### जैश से जुड़े अंतरराज्यीय और अंतर्राष्ट्रीय आतंकी नेटवर्क पर बड़ा प्रहार

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर/फरीदाबाद

जम्मू- कश्मीर, उत्तर प्रदेश और हरियाणा पुलिस बलों के साथ-साथ केंद्रीय एजेंसियों का संयुक्त अभियान चलाया गया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में कश्मीर के डॉ. मुजम्मिल गनी और लखनऊ के डॉ. शाहीन शामिल हैं, जिन्हें हिरासत में पूछताछ के लिए श्रीनगर लाया गया। अधिकारियों ने कहा कि उनकी कार से एक एके-47 राइफल मिली थी। अधिकारियों ने कहा कि संयुक्त अभियान एक बड़ी सफलता है। उन्होंने यह नहीं बताया कि गिरफ्तारियां कब हुईं। जांच के दौरान श्रीनगर, अनंतनाग, गांदरबल, शोपियां, फरीदाबाद और सहारनपुर में संयुक्त तलाशी अभियान चलाया गया।



## इनकी हुई गिरफ्तारी

- आरिफ निसार दर साहिल, नौगाम, श्रीनगर
- यासिर-उल-आशरफ, नौगाम, श्रीनगर
- मकसूद अहमद दर शाहिद, नौगाम, श्रीनगर
- मौलवी इरफान अहमद, शोपियां
- जमीर अहमद आहंगर मुत्लाशा, वाकुरा, गांदरबल
- डॉ. मुजम्मिल अहमद गनाई मुसायब, कोइल, पंपोर
- डॉ. आदिल, वानपोरा, कुलगाम

## पाकिस्तान से जुड़े महिला डॉक्टर के तार

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने लखनऊ से भी एक महिला डॉक्टर शाहीन शाहिद को गिरफ्तार किया गया है। शाहीन डॉक्टर मुजम्मिल शकील की गर्लफ्रेंड है। उसके तार पाकिस्तान से जुड़े हैं। मुजम्मिल, डॉक्टर शाहीन की कार इस्तेमाल करता था। शाहीन की कार से ही रविवार को कश्मीर में एक-47 राइफल, जिंदा कारतूस और अन्य संदिग्ध सामग्री बरामद हुई थी। इससे पहले 7 नवंबर को जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सहारनपुर (यूपी) से डॉ. आदिल अहमद को गिरफ्तार किया था। यह अनंतनाग (कश्मीर) का रहने वाला है। आदिल अनंतनाग के सरकारी मेडिकल कॉलेज में प्रैक्टिस करता था। 2024 में इसने वहां से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद वह सहारनपुर में प्रैक्टिस करने लगा।

### अमित बघेल के खिलाफ 5000 रुपए ईनाम की घोषणा

# आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाला अमित बघेल भगोड़ा घोषित एसएसपी ने की ईनाम की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अग्रवाल तथा सिंधी समाज के देवताओं के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले क्रांति सेना के अध्यक्ष अमित बघेल को पुलिस ने भगोड़ा घोषित कर दिया है। एसएसपी डॉ. लाल उमेंद सिंह ने भगोड़ा घोषित करते हुए पांच हजार रुपए ईमान की घोषणा की है। अमित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की चार अलग-अलग टीमें बनाई गईं हैं। उसके छिपने के संभावित ठिकानों में रविवार रातभर छापे मारे गए। पुलिस के अनुसार अमित फरार हो गया उसके बाद एसएसपी ने ईमान घोषित कर दिया है। वहीं क्रांति सेना ने भी छत्तीसगढ़ महतारी और छत्तीसगढ़ के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि अमित बघेल के खिलाफ राज्य के साथ देश के अलग-अलग राज्यों में सिंधी तथा अग्रवाल समाज से जुड़े लोग एफआईआर दर्ज कराने के साथ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

अमित बघेल की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम अमित के करीबी तथा छत्तीसगढ़ क्रांति सेना से जुड़े शिवेंद्र वर्मा के सड्डू स्थित निवास में छापे की कार्रवाई की गई। इसके अलावा पुलिस ने टिकरापारा धरम नगर में अजय यादव के निवास में अमित के छिपे होने की आशंका में छापे की कार्रवाई की है। अमित की गिरफ्तारी के लिए रायपुर पुलिस अन्य जिलों की पुलिस के संपर्क में है। आशंका जताई जा रही है कि अमित बघेल रायपुर छोड़ किसी अन्य ▶▶| शेष पेज 6 पर

### *गिरफ्तार करने चार टीमें बनाई गईं, क्रांति सेना ने भी कार्रवाई की मांग*

### *अग्रवाल और सिंधी समाज के देवताओं पर की आपत्तिजनक टिप्पणी*



## सप्ताह भर पूर्व की थी टिप्पणी

*मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक द्वारा वीआईपी चौक स्थित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा खंडित करने की घटना के बाद क्रांति सेना के अध्यक्ष ने आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसके बाद राज्य के अन्य जिलों में भी अन्य समाज से जुड़े लोगों ने सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने आपत्तिजनक टिप्पणी करने लगे। इसके बाद अमित बघेल की गिरफ्तारी के पुलिस के ऊपर दबाव बढ़ा है।*

# जानलेवा लापरवाही, बिल्डर के खोदे गड्ढे में डूब गए दो मासूम





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कबीर नगर थाना क्षेत्र के हीरापुर, वीर सावरकर नगर में एक सरकारी स्कूल के पास बने पानी से भरे गड्ढे में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। बताया जा रहा है बिल्डर ने अपार्टमेंट निर्माण के लिए पिछले दो साल से करीब डेढ़ एकड़ के खाली प्लाट में गड्ढा करवाया था, जिसमें बारिश का पानी जमा हो गया था। बच्चों की मौत उसी पानी भरे गड्ढे में गिरने से हुई है। घटना रविवार देर शाम की बताई जा रही है। बच्चे तीन बजे की करीब घूमने के लिए निकले थे। देर शाम तक बच्चे घर नहीं पहुंचे, तब परिजन उन्हें ढूंढने ▶▶| शेष पेज 6 पर

## हीरापुर-जरवाय मार्ग पर गाड़ियों की लगी लंबी कतार


घटना के बाद लोगों द्वारा किए जा रहे चक्का जाम की वजह से हीरापुर से लेकर जरवाय तक गाड़ियों की 10 किलोमीटर दूर तक लंबी कतार लग गई। काफी मशक्कत के बाद पुलिस चक्का जाम खुलवा पाई। चक्का जाम को देखते हुए चार थाना क्षेत्र की पुलिस बल की तैनाती के साथ मौके पर एडीएम, एसडीएम तथा सीएसपी पहुंचे हुए थे। पुलिस ▶▶| शेष पेज 6 पर

### सीबीआई की जांच में खुलासा

# 5 साल तक तिरुपति मंदिर को नकली घी की सप्लाई!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

तिरुमला तिरुपति देवस्थानम में चढ़ाए जाने वाले लड्डू प्रसाद में इस्तेमाल होने वाले घी से जुड़ा बड़ा घोटाला सामने आया है। सीबीआई जांच में खुलासा हुआ है कि उत्तराखंड की एक डेयरी ने 5 साल तक तिरुपति मंदिर को 68 लाख किलो नकली घी की सप्लाई की। इसकी ▶▶| शेष पेज 6 पर



## लड्डू में मिलावट का मामला

आंध्र प्रदेश में स्थित श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में दिए जाने वाले प्रसिद्ध तिरुपति लड्डू में कथित मिलावट का मामला पिछले साल सामने आया था। ये मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया।




कैलास जीवन
मल्टिपर्पज् आयुर्वेदिक क्रीम

एडियोंका फटना
पाँव धोकर, कुछ देर तक गुनगुने पानी में रखिए, नरम बनने के बाद मुलायम सुती कपडे से सुखाएँ. फटी एडियों पर कैलास जीवन धीरेसे लगाएँ. मलना नही. कैलास जीवन त्वचामें घुल जाएगा और फटी एडियों पर असर करेगा. एडियाँ और पाँव की त्वचा साफ, मुलायम बन जाएगी.

कील-मुहाँसे
चेहरा गुनगुने पानीसे सेकने के बाद धोकर नरम मुलायम सुती कपडेसे सुखाकर कैलास जीवन हल्के हाथोंसे चेहरेपर लगाइए. कील-मुहाँसों की तकलीफ से राहत मिलेगी. चेहरा साफ, कांतिमान होकर निखर आएगा.

आँखों की जलन
गुनगुने पानीसे चेहरा और आँखें साफ कीजिए. रात को सोते समय कैलास जीवन आँखों की पलकों पर हलकासा लेप लगाकर रूई की पट्टी रखिए. आँखों की जलन से आराम पाइए और शान्त एवम् गहरी निद्रा का अनुभव लिजिए.

बवासीर / फिशर्स
एक चम्मच कैलास जीवन में उतनी ही मात्रा पीसी शक्कर मिला कर रोज रात (२१ दिनों तक) सेवन किजिए तथा प्रतिदिन २-३ बार उस जगह पर लगाइए. बवासीर, फिशर्स से राहत मिलेगी. परहेज आवश्यक.

एड़ियों का फटना, मुहाँसे, हाथ पाँव और आँखों की जलन, मुँह के छाले, कटना, जलना, झुलसना, डायपर-नॅपी रॅश आदि के लिए गुणकारी।
विकार अनेक, इलाज एक... आजही खरीदिए।

Also available on
amazon Flipkart netmeds.com
Available in: 20g Tube, 30g, 60g, 120g, 230g Bottle
Manufacturer: ASUM, Pune. 020-24486865 | Customer Care: Prashant: 91300 26070
asumkj@gmail.com | www.asum.com

Distributors:
Raipur: Mahesh Medicos: 0771 - 2228437, Shree Gulab Traders: 0771 - 4047174
Bilaspur: Pankaj Medico Traders: 07752 - 401271,
Durg: Satyendra Medicos: 0788 - 2214827 / 4050827



# नक्सली हिड़मा और बारसे देवा की माताओं से मिले उपमुख्यमंत्री, कहा- हिंसा छोड़ने करें अनुरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा आज अचानक सुकमा जिले के कोंटा विकासखण्ड के अतिसंवेदनशील ग्राम पूर्वर्ती पहुंचे। गांव में जनचौपाल का आयोजन किया। चौपाल में समस्त ग्रामवासी और पूर्वर्ती से संबंध रखने वाले नक्सल लीडर माड़वी हिड़मा एवं बारसे देवा के परिजन भी शामिल हुए। जिसमें माड़वी हिड़मा की माता श्रीमती माड़वी पुंजी तथा बारसे देवा की माता श्रीमती बारसे सिंगे भी शामिल थीं। उनके साथ बारसे देवा के परिवार से चाचा बारसे ढुंगा, भाई बारसे भीमा, बारसे सन्ना, बारसे आमता, बारसे सीमडा, भतीजा बारसे मड़का, बारसे हिड़मा, बहु बारसे जोगी एवं माड़वी हिड़मा के परिजनों में चाचा माड़वी देवा, माड़वी सोमा, चाची माड़वी सुक्की, भाई माड़वी हड़मा, माड़वी मासे, बहु माड़वी मंगली भी उपस्थित रहे।



### नक्सली लीडर की माताओं ने वीडियो जारी कर कहा- पुनर्वास करें

नक्सल लीडरों के परिजनों से भी उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने आत्मीय मुलाकात कर उनके माता पिता से आशीर्वाद लिया। जहां उनकी माताओं श्रीमती माड़वी पुंजी तथा श्रीमती बारसे सिंगे ने बताया कि वे बड़े गैर जिम्मेदाराना तरीके से सब कुछ छोड़ कर जंगल में हथियार लेकर भटक रहे हैं। उन्होंने अपने बच्चों से अपील करते हुए कहा कि परिवार, गाँव, समाज को छोड़कर जंगल में हथियार लेकर भटकने से किसी का भला नहीं हो रहा है। अपने हथियार छोड़कर पुनर्वास का रास्ता चुनो और समाज, परिवार, परिजनों के बीच रहकर विकास एवं सबके हित के लिए कार्य करें। उनकी माताओं ने भी वीडियो जारी कर अपने बेटों को पुनर्वास करने की अपील की है।

### बारिश में गांव एक टापू बन जाता था

इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से मुलाकात की और गांव में आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता की जानकारी ली। जहां ग्रामीणों ने बताया कि पहले यहां ना तो सड़क थी ना ही कोई आधारभूत व्यवस्था और बारिश के दिनों में तो गांव एक टापू बन जाता था। ना तो कोई आ सकता था ना जा सकता था। नियद नेल्ला नार योजना से अब गांव में रोड आ गयी है राशन, दवाइयां, खाद अब ग्राम में ही मिल जाता है। उपमुख्यमंत्री ने सभी के साथ मुलाकात कर उनके साथ उनके साथ खाना खाया और उन्हें उपहार भी दिए और उनके द्वारा की गई मांगों को पूरा करने हेतु अधिकारियों को निर्देश भी दिए।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर बस्तर कमिश्नर डोमन सिंह, बस्तर आईजी सुंदरराज पी., कलेक्टर सुकमा देवेश ध्रुव, पुलिस अधीक्षक सुकमा किरण चौहान तथा पूर्वर्ती के ग्रामीण उपस्थित थे।



### बटालियन के कैंप में जवानों से मिले

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने पूर्वर्ती में स्थापित 150 वीं बटालियन के कैंप में जाकर नक्सल मोर्चे पर कार्य करने वाले केंद्रीय सशस्त्र बलों के जवानों एवं पुलिस के जवानों से मुलाकात की। उनका प्रोत्साहन किया एवं नक्सल हिंसा में शहीद हुए जवानों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। श्री शर्मा ने कहा कि बस्तर अंचल के प्रत्येक जवान का पराक्रम, त्याग और समर्पण राज्य तथा देश की अमूल्य धरोहर है। उनकी वीरता ने इस क्षेत्र की शांति और विकास की नई दिशा दी है। उन्होंने कैंप परिसर का निरीक्षण कर जवानों से सुरक्षा व्यवस्था, क्षेत्र की परिस्थिति एवं चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली।

## खबर संक्षेप

### पं. रविशंकर पुरस्कार' से सम्मानित हुए राजेश

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य की राज्य अलंकरण अवसर पर आयोजित भव्य राज्यस्तरीय समारोह में महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज के पूर्व चेयरमैन एवं रियल ग्रुप के प्रतिष्ठित उद्योगपति राजेश अग्रवाल को उनके बहुमूल्य सामाजिक शैक्षणिक और आर्थिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए पं. रविशंकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने दिया। इस उपलब्धि पर महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज परिवार ने हर्ष जताया। इस अवसर पर मंच में राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, गृहमंत्री विजय शर्मा उपस्थित रहे। यह पुरस्कार विशिष्ट व्यक्ति को दिया जाता है, जिन्होंने समाज और प्रदेश के सर्वांगीण विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया हो। समारोह में राज्य के मंत्री, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षाविद, उद्योगपति, समाजसेवी एवं छात्र प्रतिनिधि, प्राचार्य डॉ. जासमीन जोशी, उप-प्राचार्य डॉ. श्वेता तिवारी, एडमिनेस्ट्रेटर शिवांगी मिश्रा, सभी विभाग के विभागाध्यक्ष बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### दूधाधारी भवन में सियाराम महाराज का किया सम्मान

**रायपुर।** दूधाधारी मठ महोत्सव के उपलक्ष्य में दूधाधारी सत्संग भवन में संगीतमय श्रीरामकथा एवं भव्य संत सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। अयोध्या से पधारे सियाराम शरण महाराज के मुखारबिंद से संगीतमय श्रीराम कथा का रसपान सभी श्रद्धालुओं और श्रोताओं को कराया जा रहा हैं, जिसमें सोमवार को समाज सेवक प्रशांत पाण्डेय कथा श्रवण करने पहुंचे एवं मंच पर विराजमान कथावाचक सीताराम शरण महाराज का शॉल और श्रीफल से सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### हाईरिस्क प्रेग्नेंसी प्रबंधन के लिए राज्य में पहली बार प्रशिक्षण

**रायपुर।** हाईरिस्क प्रेग्नेंसी के मामलों में उचित प्रबंधन के लिए स्वास्थ्य विभाग प्रदेशभर की महिला स्वास्थ्य पर्यवेक्षक को ट्रेनिंग देगा। मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने 15 चरणों में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन राज्य में पहली बार किया जाएगा। ट्रेनिंग एनसी, उच्च जोखिम गर्भावस्था की पहचान एवं प्रबंधन, पीएमएसएमए कार्यक्रम, प्रसव पूर्व एवं पश्चात देखभाल, संक्रमण नियंत्रण, नवजात देखभाल तथा रेफरल समन्वय प्रणाली पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी।राज्य में इस तरह का यह पहला प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जिसमें महिला स्वास्थ्य पर्यवेक्षकों के क्षमता संवर्धन को लेकर पहल की गई है। पहली ट्रेनिंग के दौरान सचिव स्वास्थ्य अमित कटारिया, आयुक्त सह संचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला, संचालक महामारी नियंत्रण डॉ एसके पामभोई, संयुक्त संचालक डॉ. निर्मला यादव, उप संचालक डॉ. शैलेन्द्र अग्रवाल, उप संचालक डॉ. वीआर भगत, यूनीसेफ से डॉ. गजेन्द्र सिंह एवं विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। आगामी चरणों में 14 बैचों के माध्यम से पूरे राज्य की महिला स्वास्थ्य पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने बताया कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में महिला स्वास्थ्य पर्यवेक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### आरोपियों को वन विभाग ने पकड़ा, जेल भेजा

# पुष्पा-स्टाइल में तस्करी, 27 दिन बाद वन विभाग ने तीन आरोपी को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

खबर का असर

हरिभूमि में 13 अक्टूबर 2025 को प्रकाशित खबर पुष्पा-स्टाइल में सागौन तस्करी, उदंती नदी में बहाई जा रही बेशकीमती लकड़ियां के बाद वन विभाग ने आज कार्रवाई की है। उदंती नदी किनारे सक्रिय लकड़ी तस्करी गिरोह के तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। शशिगानंदन उप निदेशक उदंती सीता नदी टाईगर रिजर्व गरियाबंद एवं उप निदेशक उदंती सीता टाईगर रिजर्व वरुण जैन की अगुवाई में उनकी टीम ने सागौन तस्करी के तीन आरोपी को धर दबोचने में सफल रहे हैं।

यह कार्रवाई उदंती परिक्षेत्र कक्ष क्रमांक 29 की सीमा में की गई, जहां सागौन कटाई और नदी मार्ग से निकासी की सूचनाएं लगातार मिल रही थीं। शशिगानंदन उप निदेशक उदंती सीता नदी टाईगर रिजर्व गरियाबंद के निर्देशन में दक्षिण उदंती परिक्षेत्र अधिकारी चंद्रबलि ध्रुव, वन परिक्षेत्रपाल मनोज कुमार ध्रुव, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी कोयबा सूर्य देव जगतवंशी वन रक्षक एवं सभी वन अमला अन्य जवानों की विशेष टीम गठित की गई थी। गुप्त निगरानी और मुखबिर की सूचना पर सोमवार, 10 नवंबर 2025 की सुबह टीम ने नदी किनारे दबिश दी। मौके से तीन संदिग्धों को घेरा-बंदी कर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में तोसूधंस हंस पिता सेबा हंस जाति रावत उम्र 45 वर्ष, संतोष हंस पिता ईश्वर हंस जाति रावत उम्र 31 वर्ष और ओमकार हंस पिता बिनोद हंस जाति रावत, उम्र 28 वर्ष के रूप में हुई है।



खास खबर

‘पुष्पा-स्टाइल’ में सागौन तस्करी

नदी में बहाई जा रही थी बेशकीमती लकड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

उदंती-सीता अभयारण्य में वन विभाग ने सागौन तस्करों की एक बड़ी साजिश नाकाम की है। ओडिशा से जुड़े तस्कर लंबे समय से 'पुष्पा-स्टाइल' में सागौन की तस्करी कर रहे थे। वे नदी के तेज बहाव का फायदा उठाकर लकड़ियों को बहा देते थे, जिन्हें आगे ▶▶ शेष पेज 7 पर

जल्द पकड़ेंगे आरोपियों को

मौके से कई सागौन लट्ठे जब्त किए गए हैं और तस्करों की पहचान की जा रही है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि सभी आरोपी ओडिशा के रहने वाले हैं। उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

- वरुण जैन

उपनिदेशक, उदंती-सीता अभयारण्य

### खबर प्रकाशन के बाद बनाई गई थी टीम

परिक्षेत्र अधिकारी ने कहा, हरिभूमि में खबर छपने के बाद हमने टीम बनाई। लगातार निगरानी और मुखबिर की सूचना पर यह बड़ी सफलता मिली है। शशिगानंदन एवं वरुण जैन उप निदेशक उदंती सीता नदी टाईगर रिजर्व गरियाबंद ने स्पष्ट किया, वन संपदा की चोरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस गैंग के अन्य साथियों की तलाश जारी है।

तीनों आरोपी ग्राम सेनदूरसिल थाना सीनापाली, जिला नुआपाड़ा ओडिशा के निवासी बताए गए हैं।

प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नदी के जलस्तर का फायदा उठाकर सागौन के गीले लट्ठों को बाँस की बेड़ों से बहाकर ओडिशा सीमा तक भेजते थे, जहां से आगे की सप्लाई चेन सक्रिय होती थी। वन विभाग ने आरोपियों पर वन संरक्षण अधिनियम 1972 की धाराएं 27, 29, 31, 50, 51, 52 तथा भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26(1) क ड च के तहत मामला दर्ज किया है। तीनों को गिरफ्तार कर विधिक औपचारिकताओं के बाद न्यायालय देवभोग के समक्ष पेश किया गया। विभाग के अनुसार, पहले भी उत्तर उदंती और दक्षिण उदंती परिक्षेत्र से लकड़ी की अवैध निकासी के मामले सामने आते रहे हैं, लेकिन हरिभूमि में प्रकाशित तस्वीरों और तथ्यों के आधार पर इस बार सीमावर्ती इलाकों में सघन निगरानी, अस्थायी चेकपोस्ट और लगातार रातगश्त से ठोस परिणाम मिले।

### खरीदारों की तलाश जारी

अफसरों ने बताया कि आगे की कार्रवाई के तहत विभाग यह पता लगाने में जुटा है कि जब्त लकड़ियों की खरीदारी कौन कर रहा था और नदी मार्ग से इन्हें अंतिम गंतव्य तक कैसे पहुँचाया जाता था। सूत्रों के मुताबिक, यह गिरोह छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा पर सक्रिय लकड़ी सिंडिकेट से जुड़ा हो सकता है। विभाग ने इस सिंडिकेट की सप्लाई चेन, फाइनेंसरों और रिसीविंग प्वाइंट्स की पहचान के लिए इंटर-स्टेट समन्वय तेज कर दिया है, जबकि सीमा के संवेदनशील घाटों पर अतिरिक्त गश्त और ड्रोन निगरानी बढ़ाई जा रही है।

# अवैध धान परिवहन रोकने 5 चेक पोस्ट उड़नदस्ता टीम में 43 कर्मियों की तैनाती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 नवंबर से शुरू होने जा रही है। धान खरीदी के दौरान पूर्व में कई जिलों में अवैध धान परिवहन के मामले सामने आ चुके हैं। इसके मद्देनजर रायपुर जिले में धान खरीदी के दिनों तक अवैध धान परिवहन को रोकने के लिए जिले के चारों तरफ सीमाओं पर 5 चेक पोस्ट बनाए गए हैं, वहीं उड़नदस्ता टीम बनाई गई हैं, जिसमें 43 कर्मियों को शामिल किया है। इसके साथ ही संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील उपार्जन केंद्रों को चिन्हांकित कर प्रशासनिक अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है जो धान की गुणवत्ता जांच से लेकर उठाव व्यवस्था पर नजर रखेंगे।

### 139 उपार्जन केंद्रों में होगी खरीदी

जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए पंजीकृत किसानों का धान खरीदी के लिए 139 उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं। कलेक्टर गौरव सिंह ने सभी उपार्जन केंद्रों में धान गुणवत्ता की जांच एवं बारदाने की पर्याप्त व्यवस्था कराने के लिए दलों का गठन किया है। इन दलों के अध्यक्ष क्षेत्र के तहसीलदार बनाए गए हैं। इसके साथ ही जिला स्तरीय कंट्रोल कमांड सेंटर स्थापित किया है, जिसमें जिला एवं ब्लॉक स्तरीय दल एवं उड़नदस्ता का गठन किया है।

### बैठक में ये रहे उपस्थित

बैठक में एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह, सीईओ जिला पंचायत कुमार बिश्वरंजन, अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर, जिला कोऑपरेटिव बैंक सीईओ आपेक्षा व्यास, डीएमओ जसबीर सिंह बघेल, नान डीएम विनोद बुधिया सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पति की हत्या कर मां ने बेटी से कहा- मैंने तुम्हारे पिता को मार दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जशपुरनगर

- सूटकेस में मिला शव, महिला फरार, महाराष्ट्र भेजी गई पुलिस टीम
- भिंजपुर गांव में दिल दहला देने वाली वारदात, झगड़े के बाद हत्या

जिले में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहां एक महिला ने अपने पति की हत्या कर दी और शव को सूटकेस में बंद करके घर में ही रख दिया। उसने अपनी बेटी को फोन कर बताया कि मैंने तेरे पिता को मार दिया है। इस घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई।

घटना दुलदुला थाना क्षेत्र के ग्राम भिंजपुर की है। बताया जाता है कि संतोष भगत उम्र 43 वर्ष गांव में खेती किसानी करता था और अपनी पत्नी के साथ रहता था। उनके तीन बच्चे हैं, जो शादी के बाद बाहर रहते हैं। शुक्रवार 7 नवंबर को पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसी दौरान उनकी बेटी, जो कोरबा में रहती है, ने फोन पर माता-पिता के झगड़े की आवाज सुनी। थोड़ी देर में फोन कट गया।

बेटी ने उस वक्त ज्यादा ध्यान नहीं दिया। 8 नवंबर की सुबह पत्नी ने अपनी मंझली बेटी को फोन किया। फोन पर उसने बताया कि मैंने तेरे पिता को मार दिया है। उनके शव को कम्बल में लपेटकर सूटकेस में रख दिया है। यह सुनकर बेटी के पैरों तले जमीन खिसक गई। वह तुरंत अपने पति के साथ 9 नवंबर को गांव भिंजपुर पहुंची और यह बात अपने बड़े पिताजी विनोद मिंज उम्र 45 वर्ष को बताई।



### हत्या की पुष्टि, मामला दर्ज

पुलिस ने इस मामले में हत्या का अपराध दर्ज कर लिया है। बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) की धारा 103(1) के तहत केस पंजीबद्ध किया गया है। जांच में यह साफ हो गया कि हत्या पत्नी ने ही की है। वह वारदात के बाद घर छोड़कर फरार है। पुलिस ने आरोपी महिला की पहचान कर ली है और उसकी तलाश में टीम महाराष्ट्र रवाना कर दी गई है।

### गिरफ्तारी के बाद खुलेगा राजः एसएसपी

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। टीम महाराष्ट्र भेजी गई है। गिरफ्तारी के बाद ही हत्या के असली कारणों का खुलासा हो पाएगा।

### सूटकेस में बंद मिला शव

विनोद मिंज ने तुरंत थाना दुलदुला में रिपोर्ट दर्ज कराई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घर की तलाशी में एक बड़ा गहरे लाल रंग का ट्रॉली सूटकेस मिला। जब पुलिस ने गवाहों की मौजूदगी में सूटकेस खोला अंदर संतोष भगत का शव मिला। शव को कंबल से ढंककर सूटकेस में ठूंसकर बंद किया गया था। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव का पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सोशल मीडिया में फर्जी अकाउंट बनाकर पुलिस की गतिविधियों के बारे में जानकारी जुटाता था

# गिरफ्तारी के डर से अलग हुए तोमर बंधु, दो दर्जन ज्यादा सिम यूज किए, 5 मोबाइल जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सूदखोर विरेंद्र तोमर की पुलिस ने सोमवार को कोर्ट में पेश कर पांच दिनों की पुलिस रिमांड 14 नवंबर तक लिया है। पुलिस पूछताछ में वीरेंद्र तोमर किसी प्रकार से सहयोग नहीं कर रहा। पुलिस ने वीरेंद्र तोमर के कब्जे से पांच मोबाइल जब्त किया है। इसके साथ ही सूदखोर वीरेंद्र द्वारा फरारी के दौरान फर्जी नामों से दो दर्जन से ज्यादा सिम कार्ड इस्तेमाल करने की पुलिस को जानकारी मिली है।

पूछताछ में वीरेंद्र ने पुलिस को बताया है कि फरारी के दौरान शुरू में दोनों भाई एक साथ रहे। इसके बाद पकड़े जाने के भय से दोनों भाई एक दूसरे से अलग हो गए। फरारी के दौरान सूदखोर भाइयों को किन लोगों से मदद मिलती थी, पुलिस इस बात की जानकारी जुटाने की बात कह रही है।

### 15 दिन में जगह बदल देता था

पुलिस को चकमा देने तोमर 15 दिन में जगह बदल देता था। फरारी के दौरान विरेंद्र तोमर मध्यप्रदेश के अलावा उत्तरप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में रहा है। पूछताछ में वीरेंद्र ने पुलिस को बताया है कि उसका अपने छोटे भाई के साथ पिछले दो महीने से संपर्क नहीं हुआ है। पुलिस वीरेंद्र तोमर की मदद करने वालों के जानकारी जुटाने की कोशिश में जुटी हुई है।



सूदखोर तोमर का पुलिस ने निकाला जुलूस

बेहोश होने का नाटक करता रहा बदमाश

### फर्जी नामों से फेसबुक, इंस्टाग्राम से जानकारी

वीरेंद्र तोमर फेक अकाउंट बनाकर पुलिस की गतिविधियों तथा उसके खिलाफ पुलिस द्वारा दिए गए बाइट की जानकारी हालिस करता था। साथ ही पुलिस के फेसबुक तथा इंस्टाग्राम अकाउंट से जुड़ा था। पुलिस को वीरेंद्र तोमर के आधा दर्जन के करीब सोशल मीडिया में फेक अकाउंट होने के बारे में जानकारी मिली है।

### परिजनों के लगातार संपर्क में

पुलिस को जानकारी मिली है, उसके मुताबिक वीरेंद्र रायपुर में अपने परिजनों के साथ वकील तथा अन्य लोगों के संपर्क में था। संपर्क करने वह अलग-अलग सिम कार्ड का इस्तेमाल करता था। तोमर को उसके परिजन तथा करीबी उसके खिलाफ हो रहे हर गतिविधि की जानकारी देते थे। लगातार सिम बदलते रहने से विरेंद्र तोमर का पुलिस लोकेशन ट्रेस नहीं कर पा रहा था।

### लाश को जबरन गृह ग्राम भेजने का पुलिस पर आरोप

# पुलिस कस्टडी में मौत, परिजन ने शव लेने से किया इनकार

हरिभूमि फॉलोअप

**अंबिकापुर।** बलरामपुर कोतवाली पुलिस कस्टडी में मौत को लेकर दूसरे दिन भी बवाल जारी रहा। दोषियों के खिलाफ निलंबन, एफआईआर दर्ज करने व फिर से पीएम कराने की मांग को लेकर अडिग परिजन ने शव लेने से इनकार कर दिया है। इस दौरान बलरामपुर में दिनभर तनावपूर्ण माहौल रहा। पुलिस ने परिजन के बिना की शव को वैन में डालकर उसके गृह ग्राम के लिए रवाना कर दिया जिसके बाद लोगों का आक्रोश भड़क उठा और उन्होंने कोतवाली का घेराव करने के साथ ही धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान भीड़ को हटाने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग भी करना पड़ा। सबसे बड़ी बात यह है कि बॉडी दिन में रवाना करने के बाद भी देर शाम तक मृतक के गृह ग्राम नहीं पहुंची जबकि परिजन भी बिना शव लिए ही वापस घर लौट आए है। बता दें कि बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित धंनजय ज्वेलर्स में हुई लाखों रुपए की चोरी के मामले में पुलिस ने सीतापुर के ग्राम नकना निवासी उमेश सिंह को हिरासत में लिया था।



### सड़क पर बैठकर जताया आक्रोश

रातभर चली समझाइश और मान मनौव्वल के बाद भी जब परिजन नहीं माने तो सोमवार की सुबह पुलिस ने शव को एंबुलेंस में भरकर ग्राम नकना के लिए रवाना कर दिया। पुलिसकर्मी ने परिजन को इसकी जानकारी दी तो परिजन ने जबरन शव भेजने का विरोध शुरू कर दिया। मृतक की मां का आरोप है कि उसके बेटे को कोई बीमारी नहीं थी और उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई जिससे उसकी मौत हुई। जब उन्होंने जबरन शव को भेजने से रोकना चाहा तो जिला अस्पताल का दरवाजा बंद कर उन्हें घेर लिया गया था।

### रखवाया गया है मर्च्युरी में

मृतक के शव का मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पीएम किया गया है और मामले की न्यायिक जांच चल रही है। परिजन पुलिस की बात सुनने को तैयार नहीं है। हमने शव को फिलहाल मर्च्युरी में सुरक्षित रखवाया है।

विश्वदीपक त्रिपाठी, एएसपी

### जांच के बाद होगी कार्रवाई

परिजन की जिद है कि पहले ही एफआईआर कर दिया जाए लेकिन कानून व्यवस्था के तहत जांच उपरांत ही एफआईआर का प्रावधान है। मजिस्ट्रियल जांच गठित हो गया है उसमें जो तथ्य सामने आएंगे उसके पश्चात ही दोषियों पर आगे की कार्रवाई होगी। परिजन को समझाइश दिया गया है।

आरएस लाल, अपर कलेक्टर बलरामपुर

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



तीन माह की डेडलाइन डेड, अब नई डेडलाइन तय

सभी अधिकारियों-कर्मचारियों की पूरी खपत पर लगते हैं आधे पैसे

# पॉवर कंपनी के कर्मचारियों का छिन जाएगा 'पॉवर', 25 नवंबर तक सूर्य घर योजना में अर्जी नहीं दी तो छूट बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर एक तरफ जहां आम उपभोक्ता लगातार आवेदन कर अपने घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाने का काम कर रहे हैं, वहीं छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के अधिकारी और कर्मचारियों में इसको लेकर कोई रुचि नहीं है। वैसे भी इनको बिजली बिल में आधी छूट मिल ही जाती है। इनकी हर माह की जितनी खपत होती है, उसमें टैरिफ में आधा पैसा लगता है। यही नहीं, रिटायर हो चुके अधिकारियों और कर्मचारियों को भी टैरिफ में 25 फीसदी की छूट मिलती है। पॉवर कंपनी ने अपने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को तीन माह में सोलर पैनल लगाने के निर्देश दिए थे, लेकिन यह डेडलाइन 5 नवंबर को डेड होने के बाद भी ▶▶|शेष पेज 6 पर

### 25 तक करना होगा आवेदन

पॉवर कंपनी के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को हर हाल में 25 नवंबर तक आवेदन करना होगा। ऐसा न करने वालों की बिजली बिल में मिलने वाली छूट को स्थगित कर दिया जाएगा।

- भीम सिंह कंवर

एमडी, वितरण कंपनी

### दो हजार से भी कम आवेदन

प्रदेश सरकार ने जब अगस्त से बिजली बिल हॉफ योजना का दायरा कम करके इसमें मिलने वाली छूट को चार सौ यूनिट से घटाकर सौ यूनिट किया और पूरा फोकस पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली की तरफ लगाया तो छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों से भी अपने घरों में हर हाल में तीन माह में सोलर पैनल लगाने का फरमान जारी किया गया। इस फरमान का असर ज्यादा नजर नहीं आ रहा है। पीएम सूर्य घर योजना से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि पॉवर कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों का अलग से डाटा निकाल पाना उतना आसान नहीं है, क्योंकि सभी के आवेदन एक ही पोर्टल में किए जा रहे हैं। इसके लिए पूरे प्रदेश भर से जानकारी मंगानी पड़ेगी। अब तक ऐसी कोई जानकारी नहीं आई है। लेकिन प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक दो हजार से भी कम आवेदन पॉवर कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों के आए हैं।

### मुफ्त बिजली का नहीं मिलेगा लाभ

भले आम उपभोक्ताओं को मिलने वाली बिजली बिल हॉफ योजना की छूट अब सौ यूनिट से ज्यादा खपत करने वाले उपभोक्ताओं को नहीं मिल रही है, लेकिन पॉवर कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों को तो पूरी खपत पर छूट मिलती है। अगर किसी अधिकारी की खपत हजार यूनिट भी होती है तो उसको पांच सौ यूनिट के ऊर्जा प्रभार के ही पैसे लगते हैं। लेकिन टैक्स में कोई छूट नहीं मिलती है। इनको अपनी खपत का आधा पैसा ही देना पड़ता है। लेकिन अब इस छूट से अधिकारियों और कर्मचारियों को हाथ धोना पड़ सकता है।जो भी पीएम सूर्य घर योजना में आवेदन नहीं करेंगे उनको मिलने वाली छूट दिसंबर से बंद हो जाएगी।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### धर्मेंद्र अस्पताल में भर्ती, हालत गंभीर

**मुंबई।** कई दिनों से अस्पताल में भर्ती जानेमाने अभिनेता धर्मेंद्र की हालत गंभीर लेकिन स्थिर है।



अभिनेता धर्मेंद्र (89) को दक्षिण मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में कई बार भर्ती कराया गया है। सूत्र ने बताया, धरम जी की हालत अच्छी नहीं है। बेटे सनी देओल के प्रतिनिधि ने उन खबरों का खंडन किया है जिनमें कहा गया था कि शोले स्टार धर्मेंद्र वेंटिलेटर पर हैं।

### सेवानिवृत्त बैंक कर्मी से 18.3 लाख की ठगी

**नोएडा।** थाना सेक्टर 39 क्षेत्र के सेक्टर 46 में रहने वाले एक सेवानिवृत्त बैंक कर्मी को अपने जाल में फंसाकर साइबर अपराधियों उनके खाते से 18.3 लाख रुपए निकाल लिए। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। रजत गोयल पुत्र वीरेंद्र कुमार गोयल निवासी ए-407 सेक्टर 46 ने बीती रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनके पिता एक सेवानिवृत्त बैंक कर्मी हैं।

### हवाई अड्डे से दो गिरफ्तार विदेशी वन्यजीव जब्त

**बेंगलुरु।** सीमा शुल्क अधिकारियों ने यहां केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बैंकॉक से आए दो यात्रियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से विदेशी वन्यजीव प्रजातियां जब्त की हैं।



नौ नवंबर को केआईए के अधिकारियों ने बैंकॉक से आ रहे दो यात्रियों को रोका और सफेद गाल वाले गिब्बन, बंदर और हॉर्नबिल सहित विदेशी वन्यजीव प्रजातियों को जब्त कर लिया।

### माली में पांच भारतीय नागरिकों का अपहरण

**बमाको।** माली में पिछले सप्ताह एक 'दुर्भाग्यपूर्ण घटना' में पांच भारतीय नागरिकों का अपहरण कर लिया गया। बमाको स्थित भारतीय मिशन ने यह जानकारी दी। भारतीय दूतावास ने बताया कि छह नवंबर को पश्चिम अफ्रीकी देश माली में पांच भारतीयों का अपहरण किया गया। दूतावास को छह नवंबर 2025 को माली में हमारे पांच नागरिकों के अपहरण की दुर्भाग्यपूर्ण घटना की जानकारी है।

### 2.4 लाख रिश्वत लेते एएसआई गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने दिल्ली पुलिस के एक सहायक उप-निरीक्षक को एक संपत्ति की सत्यापन रिपोर्ट देने के लिए कथित तौर पर 2.4 लाख रुपए की रिश्वत लेने के मामले में गिरफ्तार किया है।



ज्योति नगर पुलिस थाने में तैनात एएसआई पाटिल कुमार ने शिकायतकर्ता से कथित तौर पर 15 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी।

धान खरीदी शुरू होने में बचे हैं पांच दिन, हड़ताल पर वार्ता विफल, अड़े हैं कर्मी

# धान खरीदी की तारीख करीब आ रही और सोसाइटियों में चल रही तालेबंदी, अब एफआईआर की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में 15 नवंबर से शुरू होने वाली न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से पहले सहकारी सोसाइटियों के प्रबंधकों, ऑपरेटरों की हड़ताल को लेकर व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है। इसी बीच ये जानकारी भी मिली है कि हड़ताल पर जाने वाले कर्मियों के खिलाफ एफआईआर की चेतावनी भी दी जा रही है। आरोप है कि सोसाइटियों के प्राधिकृत अधिकारियों के माध्यम से हड़तालियों पर दबाव बनाया जा रहा है, इस बीच सोमवार शाम तक इस मामले को लेकर विवाद कायम है।

### ये है मामला

राज्य में सहकारी सोसाइटियों के प्रबंधक और वहां काम करने वाले आपरेटर अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर पिछले एक सप्ताह से आंदोलित है, इन लोगों ने हड़ताल शुरु करते हुए कामकाज बंद कर दिया है। सोसाइटियों में ताले लटके हैं। दूसरी और सहकारिता विभाग, या सरकार की ओर से इस मामले में अब तक कोई सहमति नहीं बन पाई है। ये भी कहा जा रहा है कि वार्ता विफल हो गई है। अब हड़तालियों के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी है।

### प्राधिकृत अधिकारी भी दे रहे हैं चेतावनी

इस हड़ताल को लेकर अब सोसाइटियों के प्राधिकृत अधिकारियों द्वारा भी सोसाइटी प्रबंधकों को कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। इस संबंध में प्राथमिक सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक विकास पांडेय को चेतावनी भरा पत्र भेजा गया है।



### 15 हजार कर्मी हैं हड़ताल पर

छत्तीसगढ़ में 15 नवबंर से धान खरीदी शुरू होने से पहले सहकारी समितियों के लगभग 15,000 कर्मचारियों एवं 2739 उपार्जन केन्द्रों के संविदा कर्मचारी कम्प्यूटर आपरेटर 3 नवंबर से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर हैं।

### समिति प्रबंधक के खिलाफ एफआईआर कराने का आदेश

उपायुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं धमतरी की ओर से जारी एक नोटिस की प्रति हरिभूमि के पास उपलब्ध है। इसमें जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर के नोडल अधिकारी को संबोधित करते हुए ग्रामीण सेवा सहकारी समिति छाती के समिति प्रबंधक नरेंद्र कुमार साहू के विरूद्ध थाना धमतरी में प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए लिखा गया है। पत्र के मुताबिक समिति के प्राधिकृत अधिकारी ललित कुमार साहू को समिति खोलकर रखने के लिए पहले से सूचित किया गया था। लेकिन समिति प्रबंधक ने हड़ताल में रहने की बात कहते हुए ▶▶|शेष पेज 6 पर

### हड़तालियों की ये हैं मांगें

समर्थन मूल्य में धान खरीदी वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में धान खरीदी के बाद हुई संपूर्ण सूखत मान्य कर राशि समितियों को देते हुए धान खरीदी परिवहन के बाद संपूर्ण सूखत समिति को दे। आउट सोर्सिंग द्वारा कम्प्यूटर आपरेटर की नियुक्ति को विलोपित कर नियमितीकरण किया जाए। सहकारी समितियों में कार्यरत कर्मचारियों को वेतनमान देने के लिए प्रति वर्ष प्रत्येक समिति को 3-3 लाख रुपये प्रबंधकीय अनुदान मध्यप्रदेश सरकार की भांति दिया जावे। काण्डे कमेटी की रिपोर्ट सेवानियम 2018 संशोधन लागू किया जाए। भविष्य निधि, मंहगाई भत्ता, ईएसआईसी सुविधा, संस्था के दैनिक, संविदा कर्मचारियों को समिति की सीधी भर्ती में प्राथमिकता, बोनस अंक अनिवार्य कर शीघ्र लागू करते हुए बैंक केडर समिति प्रबंधक पद, तृतीय, चतुर्थ श्रेणी के बैंकों के खाली पदों में छूट दी जाए।

### हड़ताली आपरेटर नहीं लौटे तो दूसरों की भर्ती कर लेंगे

राज्य में सहकारी सोसाइटियों के प्रबंधकों के साथ वहां काम करने वाले आपरेटर भी हड़ताल पर है। इन लोगों के काम पर न आने से कामकाज प्रभावित हो रहा है। अब कंप्यूटर आपरेटरों को चेतावनी दी जा रही है के वे 11 तारीख को सुबह 9 बजे तक हाजिर हों, वरना उनकी जगह दूसरे लोगों को काम पर रखा जाएगा। इस संबंध में एक आदेश की प्रति हरिभूमि को मिली है। यह आदेश खैरागढ़-छुई खदान, गंड़ई के अपर कलेक्टर के हस्ताक्षर से जारी हुआ है। इस आदेश में कहा गया है कि धान खरीदी का ट्रायल रन 11 तारीख को सुबह साढ़े 10 बजे से शुरू किया जाएगा। कंप्यूटर आपरेटर अगर कार्य पर उपस्थित नहीं हुए तो संबंधित क्षेत्र के 12वीं पास बीसीए डिग्रीधारी युवक युवतियों के नियोजन की प्रक्रिया को पूर्ण करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। यह आदेश सहायक पंजीय सहकारी संस्थाएं खैरागढ़- छुईखदान-गंडई को जारी किया गया है।

अब पड़ेगी कड़ाके की ठंड

# छत्तीसगढ़ समेत 3 राज्यों में शीतलहर का अलर्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नईदिल्ली/रायपुर

देश के कई हिस्सों में गुलाबी ठंड अब प्रचंड रूप धारण कर रही है। बीते दिन राजस्थान में शीतलहर का कहर देखने को मिला। वहीं, अब मौसम विभाग ने 3 राज्यों में शीतलहर की चेतावनी जारी की है। आईएमडी के अनुसार, 11-15 नवंबर तक मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और झारखंड में शीतलहर से ठंड बढ़ने की संभावना है।

ठंड बढ़ने के कारण कई जगहों पर पारा अचानक से कम हो गया है। खासकर दक्षिण हरियाणा, उत्तर पश्चिम भारत और उत्तरी मध्य महाराष्ट्र के मैदानी इलाकों में अगले 4-5 दिनों तक तापमान 2-4 डिग्री सेल्सियस तक गिरने की संभावना है।

### उत्तराखंड और हिमाचल में होगी बर्फबारी

मौसम विभाग ने उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी की संभावना जताई है। खासकर लाहौल स्पीति और मनाली में भारी बर्फ गिरने का अनुमान है। वहीं, उत्तराखंड के चमोली, नैनीताल, मसूरी और रुद्रप्रयाग में शीतलहर का कहर बढ़ने वाला है।

### राजधानी रायपुर में भी गिरा पारा

उत्तर छत्तीसगढ़ में शीतलहर की स्थिति बन रही है। गांवों और कस्बों में लोग ठंड से बचने अलाव का सहारा ले रहे हैं। राजधानी रायपुर में रात का तापमान 15 डिग्री पहुंच गया है। पेंड्रा और अमरकंटक क्षेत्र में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इस सीजन में पहली बार पेंड्रा का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे गिरकर 9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है।

दूसरा चरण, 3.7 करोड़ मतदाता

# बिहार में 122 सीटों के लिए आज होगा मतदान

एजेंसी ▶▶| पटना

बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण में मंगलवार को 3.70 करोड़ मतदाता 122 सीटों पर 1,302 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। इनमें नीतीश कुमार मंत्रिमंडल के आधा दर्जन से अधिक मंत्री भी शामिल हैं। दूसरे चरण में जहां मतदान होना है, उनमें पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज शामिल हैं, ये सभी नेपाल की सीमा से सटे हुए जिले हैं।



### मैदान में कई दलबदलू उम्मीदवार

कई दलबदलू उम्मीदवार भी मैदान में हैं। इनमें मोहानिया की विधायक संगीता कुमारी शामिल हैं, जिन्होंने 2020 में राजद के टिकट पर जीत हासिल की थी और अब भाजपा से चुनाव लड़ रही हैं। नवादा की विधायक विभा देवी हाल ही में राजद छोड़कर जद (यू) में शामिल हुई हैं। इसी तरह मुरारी गौतम भी मैदान में हैं।

# विष्णुदेव ने गुजरात के सीएम से मुलाकात की आज अहमदाबाद में इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोमवार को गांधीनगर स्थित मुख्यमंत्री आवास में गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर दोनों मुख्यमंत्रियों ने परस्पर सहयोग एवं विकास के अनुभव साझा किए। मुख्यमंत्री साय 11 नवंबर को अहमदाबाद में होने वाले "इन्वेस्टर कनेक्ट" कार्यक्रम में शामिल होंगे। उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित "इन्वेस्टर कनेक्ट" का उद्देश्य गुजरात के उद्योग जगत के साथ औद्योगिक साझेदारी को मज़बूत करना और दोनों राज्यों के बीच निवेश व व्यापारिक अवसरों का विस्तार करना है।

द्विपक्षीय हज समझौते पर हस्ताक्षर

# 2026 के लिए भारत से होंगे 1,75,025 हजयात्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रीजीजू ने जेद्दा में द्विपक्षीय हज समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत 2026 में इस यात्रा के लिए भारत का कोटा 1,75,025 होने की पुष्टि की गई है।

### हज और उमराह पर ली जानकारी

केंद्रीय मंत्री ने जेद्दा और ताइफ में हज और उमराह से संबंधित प्रमुख स्थलों टर्मिनल एक और जेद्दा में हरमैन स्टेशन का दौरा कर तीर्थयात्रियों के लिए उपलब्ध बुनियादी ढांचे और सुविधाओं की जानकारी हासिल की। रीजीजू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, भारत-सऊदी अरब संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम।

हनोई में दोनों देशों के बीच इस संबंध में हुआ एमओयू

रक्षा उद्योग के क्षेत्र में सहयोग को मजबूती देने से जुड़े हुए आशय पत्र पर किए गए हस्ताक्षर

# भारत-वियतनाम के बीच बढ़ेगा पनडुब्बी खोज और बचाव के क्षेत्र में सहयोग

**नई दिल्ली।** टैरिफ और वैश्विक स्तर पर बनी हुई सुरक्षा चुनौतियों के मध्य भारत और वियतनाम के बीच सोमवार को हनोई में रक्षा नीति संवाद (डीपीडी) के 15वें संस्करण का आयोजन किया गया। जिसमें भारत की तरफ से रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और वियतनाम की ओर से उप-रक्षा मंत्री सीनियर लेफ्टिनेंट जनरल होआंग चेन शामिल हुए। इस संवाद में जहां एक ओर दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति को लेकर विचारों का आदान-प्रदान किया। वहीं, दूसरी




ओर संवाद के कुछ महत्वपूर्ण निष्कर्ष भी सामने आए हैं। जिनमें दोनों मित्र देशों के बीच साझा रूप से पनडुब्बी खोज, बचाव सहायता और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर ▶▶|शेष पेज 6 पर

### दिसंबर में होगी महत्वपूर्ण बैठक

मंत्रालय ने बताया कि भारत और वियतनाम ने उभरते हुए क्षेत्रों जैसे साइबर सुरक्षा, सूचनाओं के समयबद्ध आदान-प्रदान, सैन्य मेडिसिन-विशेषज्ञों के आदान-प्रदान को लेकर भी भविष्य में सहयोग को और अधिक गहराई प्रदान करने का निर्णय लिया है। एमओयू पनडुब्बी खोज और राहत अभियानों में सहयोग के लिए जरूरी तंत्र स्थापित करने से संबंधित है। जबकि रक्षा उद्योग सहयोग दोनों देशों के बीच तकनीक हस्तांतरण, उच्च तकनीक और उससे जुड़े मुख्य क्षेत्रों को प्राथमिकता देने, संयुक्त खोज अभियान, संयुक्त वेंचर, उपकरणों की खरीद, रक्षा उत्पादन से जुड़े मटेरियल के साथ-साथ विशेषज्ञों के आदान-प्रदान और सैन्य उपकरणों के उत्पादन से जुड़ा हुआ है।


### वियतनाम के रक्षा मंत्री से हुई मुलाकात

मंत्रालय के मुताबिक, बैठक के बाद रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने वियतनाम के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री जनरल फान वान गियांग से भी मुलाकात की और उन्हें 15 वें संवाद में हुए प्रमुख निर्णयों के बारे में अवगत कराया। बताते चलें कि डीपीडी दोनों देशों की रक्षा भागीदारी की समीक्षा के साथ ही इस संबंध में जरूरी मार्गदर्शन हासिल करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। जिसकी मदद से भारत- वियतनाम संयुक्त विजन स्टेटमेंट 2030 को बढ़ावा देने में मदद मिलती है। दोनों देशों की व्यापक सामरिक भागीदारी का महत्वपूर्ण स्तंभ द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को माना जाता है। भारत की पूर्व की ओर देखो नीति और हिंद-प्रशांत विजन में भी वियतनाम की बेहद अहम भूमिका है।

# नया आधार एप, अब क्यूआर से शेयर कर सकेंगे डिटेल्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत सरकार की यूआईडीएआई ने आधार कार्ड को और ज्यादा डिजिटल और सुरक्षित बनाने के लिए एक नया मोबाइल ऐप लॉन्च किया है। इस ऐप की मदद से अब आपको फिजिकल आधार कार्ड साथ रखने की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि यह आपके फोन में ही सुरक्षित रहेगा। इस नए ऐप में आधार वेरिफिकेशन अब यूपीआई पेमेंट जितना आसान हो गया है। खास बात यह है कि इसमें आप एक ही फोन में 5 परिवार के सदस्यों के आधार प्रोफाइल सेव कर सकते हैं। यह ऐप एंड्रायड और आईओएस दोनों यूजर्स के लिए उपलब्ध है।



### नए आधार एप में क्या है खास

- अब ई-आधार हमेशा आपके पास रहेगा, कागज़ी कॉपी की कोई जरूरत नहीं।
- किसी को आधार डिटेल शेयर करनी हो तो केवल फेस स्कैन करें, यह पिन या ओटीपी जितना ही सुरक्षित है।
- एप में लॉगिन बायोमेट्रिक ▶▶|शेष पेज 6 पर

### पुराने एप से कैसे अलग है नया एप?

यूआईडीएआई का एम आधार एप पहले से ही उपलब्ध था, जो केवल डिटेल्स देखने, ई-आधार डाउनलोड करने या पीवीसी कार्ड ऑर्डर करने तक सीमित था। नए एप में अब यूजर्स अपने आधार की जानकारी सुरक्षित तरीके से स्टोर कर, क्यूआर कोड स्कैन कर उसे शेयर कर सकते हैं। अगर आपको केवल पीडीएफ डाउनलोड या ▶▶|शेष पेज 6 पर

## चिंतन

# आतंकवाद के आकाओं को सहन नहीं कश्मीर की शांति

विदेशी धरा पर बैठे आतंकियों के आकाओं से कश्मीर की शांति सहन नहीं हो पा रही। वे रह-रहकर ऐसे प्रयास कर रहे हैं कि किसी भी तरह से एक बार फिर घाटी को आतंकवाद के गर्त में धकला जा सके। जम्मू-कश्मीर में अक्टूबर 25 वर्षों में सबसे शांतिपूर्ण और 2025 का अब तक का सबसे शांत महीना रहा। इस महीने में केवल दो लोगों की हत्या की सूचना मिली। ये दोनों भी आतंकवादी थे। उनको सुरक्षा बलों ने कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा के पार घुसपैठ की कोशिश के दौरान मार गिराया। पूरे महीने में किसी भी नागरिक या सुरक्षा बल के हताहत होने की खबर नहीं आई। यह 2000 के बाद से सबसे शांतिपूर्ण माह रहा। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35ए को निरस्त किए जाने के बाद जम्मू और कश्मीर शांति की राह पर हैं। कश्मीर घाटी के चारों ओर तरक्की की बातें हो रही हैं। कभी पाकिस्तान का राग अलापने वाले आज आतंकवाद विरोधी दिख रहे हैं। यहां का युवा पत्थरबाजी-प्रदर्शन को छोड़ अब अमन से बैठ गया है। वह धरती का स्वर्ग कहे जाने वाले कश्मीर के लिए विकास चाहता है और उन्हें पता है कि देश विरोधी लोग उन्हें इस्तेमाल करते थे, जो अब नहीं होगा। कश्मीरी युवा भारतीय सेना में भर्ती होकर देश सेवा करना चाहता है। यहां की आबोहवा अब बदल चुकी है। पूरे जम्मू कश्मीर में आतंक के गढ़ रहे इलाकों से सरहद तक अमन की बयार बह रही है। गांवों-शहरों में सरकारी इमारतों से लेकर सरहद तक हर ओर तिरंगा लहरा रहा है, यहां तक कि लाल चौक पर भी तिरंगा देखने को मिलता है। आतंकवाद को दरकिनार कर युवा पीढ़ी काम-धंधे में जुटने लगी है। पिछले दिनों सेना में भर्ती होने के लिए कश्मीर और जम्मू में बड़ी-बड़ी कतारें देखी गईं। कश्मीर में बच्चे सड़कों में खेलते हुए नजर आ रहे हैं। आतंक की वजह से पीर पंजाल की सेवन लेक्स पर भी लोगों की आवाजाही कम हो गई थी, अब लोग जा रहे हैं। आतंकियों के आकाओं से यही सहन नहीं हो पा रहा। घाटी में कड़ी सुरक्षा है तो वे अब घाटी से बाहर आतंकवाद का साजो सामान जुटाने की फिराक में हैं ताकि किसी भी समय कश्मीर को फिर से आग की लपटों में धकेला जा सके, लेकिन हमारे सुरक्षा बल उनके हर प्रयास को विफल कर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने हरियाणा के फरीदाबाद में एक डॉक्टर के घर से 360 किलो विस्फोटक अमोनियम नाइट्रेट बरामद किया है। इसके साथ ही असॉल्ट राइफल और कारतूस भी मिले हैं। गिरफ्तार डॉक्टर का नाम मुजम्मिल शकील है। यह फरीदाबाद की अलफलाह यूनिवर्सिटी में पढ़ाता था। यह पुलवामा के कोइल का रहने वाला है। पुलिस ने लखनऊ से भी एक महिला डॉक्टर शाहीन शाहिद को गिरफ्तार किया गया है। शाहीन डॉक्टर मुजम्मिल शकील की महिला मित्र है। मुजम्मिल, डॉक्टर शाहीन की कार इस्तेमाल करता था। शाहीन की कार से ही एके-47 राइफल, जिंदा कारतूस और अन्य संदिग्ध सामग्री बरामद हुई। जम्मू कश्मीर पुलिस ने अब तक कुल 2900 किलो बम बनाने की सामग्री बरामद की है। यह मॉड्यूल जैश-ए-मोहम्मद और अंसर गजवात-उल-हिंद जैसे प्रतिबंधित संगठनों से जुड़ा हुआ था, जो घाटी में दहशतगर्दी फैलाने की फिराक में थे। सुरक्षा बलों ने यह बेहतरीन काम किया है, लेकिन जरूरत है कि उन लोगों का पक्का इलाज किया जाए, जो दूर रहकर आतंक को हवा देने की कोशिशों में जुटे हैं। तभी कश्मीर में स्थायी शांति कायम हो पाएगी।

# शटडाउनः अमेरिकी व्यवस्था की कमज़ोरी



आर्थिकी
डॉ. अश्विनी महाजन

> 1 अक्टूबर से अमेरिकी सरकार का कामकाज लगभग ठप हो गया है। लगभग 900,000 संघीय कर्मचारियों को छुट्टी पर भेज दिया गया है, और 20 लाख अन्य को बिना वेतन के काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। केवल स्वास्थ्य सेवा, स्वास्थ्य सहायता और परिवहन सुरक्षा प्रशासन जैसी आवश्यक सेवाएं ही अपवाद हैं। अमेरिकी इतिहास में यह 11वां शटडाउन है जिसके परिणामस्वरूप सरकारी सेवाएं ठप हो गई हैं। वास्तव में, अमेरिका का बंद होना उभरती अर्थव्यवस्थाओं, विशेषकर भारत के लिए आत्मनिर्भरता, संतुलित व्यापार और सहकारी संघवाद पर आधारित एक नए वैश्विक आर्थिक नेतृत्व को स्थापित करने का एक अवसर है।

जबकि दुनिया इस समय अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा लगाए गए अनुचित और बहुपक्षीय व्यापार नियमों के विरुद्ध टैरिफ पर चर्चा कर रही है, एक महत्वपूर्ण विषय जिस पर अभी तक विस्तृत चर्चा नहीं हुई है, वह है अमेरिकी सरकार का शटडाउन, जो 1 अक्टूबर, 2025 से चल रहा है और 4 नवंबर को, इस शटडाउन ने पिछले ट्रंप प्रशासन के दौरान 2018 के पिछले 35 दिनों के शटडाउन को पीछे छोड़ते हुए एक नया रिकॉर्ड बनाया है। 1 अक्टूबर से अमेरिकी सरकार का कामकाज लगभग ठप हो गया है। लगभग 900,000 संघीय कर्मचारियों को छुट्टी पर भेज दिया गया है, और 20 लाख अन्य को बिना वेतन के काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। केवल स्वास्थ्य सेवा, स्वास्थ्य सहायता और परिवहन सुरक्षा प्रशासन जैसी आवश्यक सेवाएं ही अपवाद हैं। अमेरिकी इतिहास में यह 11वां शटडाउन है जिसके परिणामस्वरूप सरकारी सेवाएं ठप हो गई हैं। इससे पहले सबसे लंबा शटडाउन 2018-19 में हुआ था, जो पिछले ट्रंप के कार्यकाल में 35 दिनों तक चला था, हालांकि यह पूर्ण सरकारी शटडाउन नहीं था। ज़रा सोचिए, अगर ऐसा भारत में होता, जहां सभी सरकारी प्रतिष्ठान बंद हो जाते और सरकारी कर्मचारियों को छुट्टी पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ता, तो दुनिया भर में, खासकर अमेरिका में, भारतीय संविधान और व्यवस्था की आलोचना करते हुए ढेरों लेख लिखे जाते। फिर भी, अमेरिका में हुई इतनी बड़ी घटना की भी बहुत कम रिपोर्टिंग हो रही है। अमेरिका में दो प्रमुख पार्टियां हैं रिपब्लिकन पार्टी और डेमोक्रेटिक पार्टी।

गौरतलब है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रिपब्लिकन पार्टी से हैं। रिपब्लिकन द्वारा संचालित सदन ने तुरंत एक वित्त पोषण विधेयक पारित किया, लेकिन सीनेट में इसे समर्थन नहीं मिला। डेमोक्रेटिक पार्टी का दावा है कि स्वास्थ्य बीमा सब्सिडी (खासकर अफोर्डेबल केयर एक्ट से संबंधित) बजट में शामिल नहीं हैं। इसके अलावा, कांग्रेस ने शिकायत की है कि राष्ट्रपति प्रशासन बजट प्रक्रिया में कांग्रेस की शक्तियों का अतिक्रमण कर रहा है। कांग्रेस को डर है कि बिना शर्त बजट अनुमोदन कांग्रेस की शक्तियों का हनन होगा। शटडाउन ने न केवल सरकारी कामकाज को ठप कर दिया है, बल्कि 4 करोड़ से ज़्यादा लोगों के लिए खाद्य सहायता, खासकर पूरक पोषण सहायता कार्यक्रम (स्नैप) के बंद होने का भी खतरा पैदा कर दिया है। कुछ विभागों ने सैन्य कर्मियों को वेतन सुनिश्चित करने के लिए निजी क्षेत्र से भी धन जुटाया है। हालांकि, डेमोक्रेट अड़े नहीं हैं; उन्होंने अपनी मांग को घटाकर केवल 20 अरब डॉलर कर दिया है, जो उनकी पिछली मांग से काफ़ी कम है, फिर भी समाधान दूर की कौड़ी है। मौजूदा मामले में, संघर्ष सिर्फ़ पार्टियों के बीच का नहीं है; सत्तारूढ़ रिपब्लिकन पार्टी के भीतर भी मतभेद हैं। गौरतलब है कि संयुक्त राज्य अमेरिका में 3 नवंबर, 2026 को बड़े पैमाने पर चुनाव होने वाले हैं। इन मध्यावधि चुनावों में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की सभी 435 सीटों और अमेरिकी सीनेट की 100 में से 35 सीटों के लिए चुनाव होंगे, जिससे 120वीं संयुक्त राज्य कांग्रेस का गठन होगा। 29 राज्य और क्षेत्रीय गवर्नर चुनाव, साथ ही कई राज्य और स्थानीय चुनाव भी लड़े जाएंगे। अमेरिका में आगामी मध्यावधि चुनाव वास्तव में सरकारी बंद के त्वरित या स्थायी समाधान में बाधा बन रहे हैं।



राष्ट्रीय हित पर आम सहमति से ज़्यादा राजनीतिक गुणा-भाग महत्वपूर्ण होते जा रहे हैं। हमें यह समझना होगा कि संयुक्त राज्य अमेरिका में लगातार जारी बंद केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि अमेरिकी आर्थिक और राजनीतिक व्यवस्था की गहरी संरचनात्मक और वैचारिक कमज़ोरियों का लक्षण है। इतना लंबा शटडाउन अमेरिकी राजनीतिक व्यवस्था की प्रतिस्पर्धी हितों, खासकर राजकोषीय विवेक और राजनीतिक लोकलुभावनवाद के बीच सामंजस्य बिठाने में असमर्थता को दर्शाता है। बजट को मंजूरी देने या ऋण सीमा बढ़ाने में विफलता (जैसा कि हमने पहले भी देखा है) एक खंडित लोकतंत्र को दर्शाती है जो निहित स्वार्थों के हाथों बंधक बना हुआ है, जहां अल्पकालिक राजनीतिक लाभ दीर्घकालिक राष्ट्रीय प्राथमिकताओं पर भारी पड़ते हैं। पिछले कुछ वर्षों में, पश्चिमी अर्थव्यवस्थाओं की ऋण और घाटे के वित्तपोषण पर असंतुलित निर्भरता से हमें कोई राहत नहीं मिली है। इस शटडाउन ने उजागर किया है कि कैसे अमेरिकी आर्थिक मॉडल लगातार उधार लेने का आदी हो गया है और राजनीतिक नेता राजकोषीय अनुशासनहीनता के परिणामों का सामना करने को तैयार नहीं हैं। अमेरिकी नीति निर्माताओं के दोहरे मापदंड पूरी तरह से उजागर हो गए हैं, क्योंकि अमेरिका आईएमएफ और विश्व बैंक जैसी संस्थाओं के माध्यम से विकासशील देशों को राजकोषीय जिम्मेदारी का उपदेश देता है, लेकिन घरेलू स्तर पर इसका पालन करने में बुरी तरह विफल रहता है।

हम देखते हैं कि वैश्विक आर्थिक असंतुलन एक तरह से अमेरिकी डॉलर के आधिपत्य से जुड़े हैं। हम समझते हैं कि शटडाउन और बार-बार ऋण सीमा संकट अमेरिकी वित्तीय प्रणाली में वैश्विक विश्वास को कमज़ोर कर रहे हैं। यह दुनिया में डॉलर-विमुद्रीकरण की प्रक्रिया को बढ़ावा दे रहा है और भारत में अस्थिर पश्चिमी अर्थव्यवस्थाओं पर निर्भर रहने के बजाय आत्मनिर्भर वित्तीय तंत्र बनाने के विश्वास को मज़बूत कर रहा है। कोई भी आसानी से समझ सकता है कि शटडाउन एक व्यक्तिवादी और उपभोग-आधारित आर्थिक व्यवस्था का परिणाम है जो लोगों की तुलना में बाज़ारों को प्राथमिकता देती है। आम अमेरिकी नागरिकों-बिना वेतन वाले सरकारी कर्मचारी, सेवाओं में देरी और सामाजिक असुरक्षा स्पष्ट रूप से इस नव उदारवाद की विफलता का संकेतक है। विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के कारण इस शटडाउन का प्रभाव केवल अमेरिका तक सीमित नहीं रहता, अपितु पूरे विश्व तक पहुंचता है। अंतरराष्ट्रीय निवेशक अमरीकी स्थिति देखकर चिंतित हो जाते हैं। डॉलर की स्थिरता पर प्रश्न खड़े होने लगते हैं और विदेशी निवेशक अपने धन सुरक्षित रखने के लिए अन्य विकल्प खोजने लगते हैं।

हालांकि सामान्य रूप से पश्चिमी मीडिया और विशेष रूप से अमेरिका भारतीय संस्थानों को कमज़ोर दिखाने का कोई अवसर नहीं छोड़ता, शटडाउन उस कहानी को ध्वस्त कर रहा है, क्योंकि हम देख रहे हैं कि पश्चिमी आर्थिक प्रणाली की तुलना में भारत में कहीं बेहतर संस्थागत स्थिरता को है। राजनीतिक मतभेदों के बावजूद, भारत को कभी भी इस तरह के शटडाउन का सामना नहीं करना पड़ा है क्योंकि बजट अनुमोदन को राष्ट्रीय ज़िम्मेदारी माना जाता है, न कि राजनीतिक सौदेबाज़ी। वास्तव में, अमेरिका का बंद होना उभरती अर्थव्यवस्थाओं, विशेषकर भारत के लिए आत्मनिर्भरता, संतुलित व्यापार और सहकारी संघवाद पर आधारित एक नए वैश्विक आर्थिक नेतृत्व को स्थापित करने का एक अवसर है। जब पश्चिम अपने विरोधाभासों के बोझ तले लड़खड़ाता है, तो भारत को अपने मूल्यों के आधार पर आगे बढ़ना चाहिए, न कि उनके उधार लिए गए मॉडलों के आधार पर।

(लेखक पूर्व प्रोफेसर, पीजीडीएवी कॉलेज, दिल्ली विवि है, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।


## जयंती विशेष

विवेक शुक्ला



# प्रतिभाओं के पारखी थे मौलाना आजाद

मौलाना अबुल कलाम को आज उनकी राजधानी में जामा मस्जिद के पास स्थित मजार पर श्रद्धांजलि देने के लिए कुछ लोग पहुंचेंगे। इनकी संख्या बीसेक ही रहती है। ये मोटे तौर पर वही लोग होते हैं, जो हर बरस उनकी जयंती (11 नवंबर) और पुण्यतिथि (22 फरवरी) पर वक्त निकाल कर आते हैं। अब आप समझ सकते हैं कि मौलाना आजाद की मजार पर सामान्य दिनों में तो कोई भी नहीं आता। तो कहा जा सकता है कि भारत के पहले शिक्षा मंत्री, स्वतंत्रता सेनानी,हिंदू-मुस्लिम एकता के प्रतीक के प्रति देशका किस तरह का ठंडा रवैया है। कुछ साल पहले तक राष्ट्रपति और दिल्ली के उप राज्यपाल की ओर से मजार पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए जाते थे, मगर वह रिवायत अब टूट चुकी है। अगर आप राजधानी में जनपथ से मौलाना आजाद रोड की तरफ बढ़ते हैं, तो आपको सड़क के शुरू में ही बायीं तरफ विज्ञान भवन मिलता है। इस सड़क की पहचान इसलिए होती है,




क्योंकि इधर विज्ञान भवन और लंबे समय तक रहा देश के उप राष्ट्रपति का आवास रहा है। कुछ समय पहले यहां से उपराष्ट्रपति आवास शिफ्ट हो चुका है। ये सड़क किंग एडवर्ड रोड से मौलाना आजाद रोड इसलिए हो गई थी, क्योंकि इसी सड़क के 4 नंबर के बंगले में मौलाना आजाद 1947 से 22 फरवरी 1958 को अपनी मृत्यु तक रहे थे। दरअसल जिधर विज्ञान भवन की एनेक्सी है वहां पर ही था मौलाना आजाद का सरकारी बंगला। दूसरे हिस्से में विज्ञान भवन बना। कौन रहता था मौलाना के साथ जब मौलाना आजाद 4 नंबर एडवर्ड रोड में रहते थे तब उनके साथ उनका एक भतीजा नुरूदीन अहमद, जिसे वे अपना पुत्र ही मानते थे, और कुछ अन्य रिश्तेदार भी रहते थे। मौलाना आजाद कोलकाता से सन 1920 के आसपास दि्ली आ गए थे, जब महात्मा गांधी और पंडित नेहरू ने उन्हें भारत के स्वाधीनता संग्राम को सशक्त बनाने के लिए यहां रहने के लिए आमंत्रित किया। तब मौलाना आज़ाद के पास रहने को जगह और देने को किराया नहीं था। फिरोज बख्त अहमद बताते हैं कि उन्हें दिल्ली में रहने के लिए एक घर 'हमदर्द दवाखाना' के हकीम अब्दुल मजीद ने दरियागंज में दिया था। मौलाना आजाद का घर देखते-देखते दिल्ली के दानिशमंदों,लेखकों और नौजवानों का पसंदीदा स्थान बन गया।

मौलाना आज़ाद के घर में किताबों का अंबार था। मौलाना आजाद अपने दोस्तों को भी किताबें भेंट किया करते थे। मौलाना अबुल कलाम आजाद ने देश के शिक्षा मंत्री के रूप में कई प्रतिभाओं को पहचाना और तराशा। उनमें डॉ. कपिला वात्स्यायन भी थीं। भारत के सामने 1947 के बाद अपनी सांस्कृतिक विरासत को उसका सही स्थान देने की चुनौती थी। उस दौर में मौलाना आजाद ने कपिला वात्स्यायन को अपने साथ जोड़ा। यह बात 1956 की है। मौलाना आजाद ने देश में संग्रहालयों को लेकर व्यापक नीति बनाने के लिए बैठक बुलाई। उसमें, उन्होंने इस बात पर चिंता जताई कि ब्रिटिश काल के दौरान देश की बहुत सी बहुमूल्य धरोहरें देश से बाहर चली गईं। उन्हें वापस लाने के प्रयास करने होंगे। इसके साथ ही नए संग्रहालयों के निर्माण पर फोकस रखना होगा। मौलाना आजाद के विभाग से जुड़े कई आला अफसर, जिनमें कपिला वात्स्यायन भी थीं, का 4 किंग एडवर्ड रोड में आना-जाना लगा रहता था। मौलाना आजाद देश के टूटने से बुरी तरह से हिल गए थे। मौलाना आजाद कहते थे कि अगर मुसलमानों के लिए अलग मुल्क बनाना सही है तो यहुदियों के लिए अलग मुल्क बनाना गलत कैसे है। इस संवाद को जब-जब मशहूर एक्टर टॉम आल्टर ने डॉ.एम. सईद आलम द्वारा लिखित और निर्देशित एकल नाटक मौलाना आजाद में बोला तो उन्हें दर्शकों की भरपूर तालियां मिलीं। मौलाना आजाद के भतीजे फिरोज बख्त अहमद बताते हैं कि उन्होंने 23 अक्तूबर, 1947 को मुसलमानों का आह्वान किया था कि वे पाकिस्तान जाने का इरादा छोड़ दें। वे भारत में ही रहें। उन्हें किसी बात की फिक्र करने की कोई वजह नहीं है। भारत उनका है। मौलाना आजाद की तकरीर के बाद सैकड़ों मुसलमानों ने पाकिस्तान जाने के अपने इरादे को छोड़ दिया था। बहरहाल, मौलाना आजाद की विरासत को जीवित रखने की जरूरत है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः




संकलित

## दर्शन

गीताकार ने कहा है कि श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः अर्थात जिसकी जैसी श्रद्धा होती है, वह स्वयं ही वही यानी उसी के अनुरूप बन जाता है। शिष्य और गुरु के मध्य जो श्रद्धा के सूत्रों का सशक्त बंधन होता है, वही लक्ष्य तक पहुंचाने और अध्यात्म की समस्त विभूतियां प्राप्त कराने में प्रमुख भूमिका निभाता है। जिस श्रद्धा के सहारे मीरा ने गिरधर गोपाल को साथ रहने के लिए विवश किया, एकलव्य ने द्रोणाचार्य की मिट्टी से बनी प्रतिमा को असली द्रोण से भी अधिक समर्थ बनाया और रामकृष्ण परमहंस ने पत्थर की प्रतिमा को जीवंत काली जैसा भोग ग्रहण करने के लिए सहमत कर लिया था, वह श्रद्धा तत्व ही आत्मिक प्रगति का आधारभूत है। इसे उपार्जित करने के लिए जीवंत गुरु का आश्रय लेना पड़ता है। जीवन के प्रत्येक महत्वपूर्ण कार्य के लिए सद्गुरु के अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। आत्मिक प्रगति के लिए सद्गुरु का आश्रय लिए जाने की बात प्राचीन आर्ष ग्रंथों से लेकर ऋषि-मुनियों तक ने कही है। आत्मिक प्रगति, भिन्न स्तर का सोच अपनाने और तदनुरूप अपने क्रियाकलापों को ढालने के लिए सशक्त अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। यह कार्य समर्थ आदर्शवादी और श्रेष्ठ स्तर के व्यक्तित्वों के साथ घनिष्ठता स्थापित करने पर ही बनता है। इसी व्यवस्था को गुरुवरण कहते हैं। गुरु के रूप में एक ऐसी सत्ता के प्रति संपूर्ण समर्पण, जो उत्कृष्टताओं और सत्प्रवृत्तियों का समुच्चय हो।

# राजा हैं, फिर भी घमंडी ना बनें



संकलित

## प्रेरणा

एक राज्य में एक राजा रहता था जो बहुत घमंडी था। उसके घमंड के चलते आस पास के राज्य के राजाओं से भी उसके संबंध अच्छे नहीं थे। उसके घमंड की वजह से सारे राज्य के लोग उसकी बुराई करते थे। एक बार उस गाँव से एक साधु महात्मा गुजर रहे थे उन्होंने भी राजा के बारे में सुना और राजा को सबक सिखाने की सोची। साधु तेजी से राजमहल की ओर गए और बिना प्रहरियों से पूछे सीधे अंदर चले गए। राजा ने देखा तो वो गुस्से में भर गया। राजा बोला- ये क्या उदण्डता है महात्मा जी, आप बिना किसी की आज्ञा के अंदर कैसे आ गए? साधु ने विनम्रता से उत्तर दिया- मैं आज रात इस सराय में रुकना चाहता हूँ। राजा को ये बात बहुत बुरी लगी वो बोला- महात्मा जी ये मेरा राज महल है कोई सराय नहीं, कहीं और जाइये। साधु ने कहा- हे राजा, तुमसे पहले ये राजमहल किसका था? राजा- मेरे पिताजी का, साधु- तुम्हारे पिताजी से पहले ये किसका था? राजा- मेरे दादाजी का। साधु ने मुस्करा कर कहा- हे राजा, जिस तरह लोग सराय में कुछ देर रहने के लिए आते है वैसे ही ये तुम्हारा राज महल भी है जो कुछ समय के लिए तुम्हारे दादाजी का था, फिर कुछ समय के लिए तुम्हारे पिताजी का था, अब कुछ समय के लिए तुम्हारा है, कल किसी और का होगा। ये राजमहल जिस पर तुम्हें इतना घमंड है ये एक सराय ही है जहां एक व्यक्ति कुछ समय के लिए आता है और फिर चला जाता है। साधु की बातों से राजा इतना प्रभावित हुआ कि सारा राजपाट, मान सम्मान छोड़कर साधु के चरणों में गिर पड़ा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मिलावटी चीजों से सावधान रहें

आज बहुत से ऐसे लोग भी हैं जो अपने थोड़े से फायदे के लिए खाने-पीने की चीजों में मिलावट करके दूसरों की जान को भी जोखिम में डाल देते हैं। लेकिन चंद सिक्कों की खातिर दूसरों की जान जोखिम में डालना मानवता के खिलाफ है। खाने-पीने की मिलावटी चीजें तो जहर समान होती है। स्वस्थ भारत के लिए खानपान की चीजों में मिलावट रोकना भी बहुत जरूरी है। खाद्य पदार्थों में मिलावट इस कारण नहीं रुक रही, क्योंकि एक तो आमजन सरकार द्वारा बनाए गए उपभोक्ता संरक्षण के कानून के प्रति जागरूक नहीं है, दूसरा सरकार और प्रशासन मिलावट रोकने के लिए गंभीरता नहीं दिखाते। तीसरा कारण सरकारी तंत्र में फैला भ्रष्टाचार है। इसके कारण खाद्य पदार्थों की जांच समय-समय पर नहीं होती।

*- प्रवीण शुक्ला, धमतरी*

## करंट अफेयर


# पाक के पंजाब में शेरशाह सूरी युग की सराय मिली

पाकिस्तान में पंजाब सरकार के पुरातत्व विभाग ने लाहौर से लगभग 220 किलोमीटर दूर हड़प्पा के खंडहरों के पास शेरशाह सूरी के युग की, 16वीं सदी की सराय (विश्राम स्थल) को खोजा है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह सराय मुख्य शेर शाह सूरी मार्ग के दक्षिणी हिस्से पर स्थित है। यह शेर शाह सूरी (1540-1545) के समय डाक काफिलों के लिए विश्राम स्थल था। शेर शाह सूरी एक अफगान शासक थे जिन्होंने मुगल साम्राज्य को कुछ समय के लिए हटाकर सूर साम्राज्य की स्थापना की थी। उन्होंने 1540 में मुगल बादशाह हुमायूं को हराकर अपने वंश का साम्राज्य स्थापित किया था, लेकिन सूर साम्राज्य बहुत समय तक नहीं चला, और 1545 में शेरशाह सूरी की मृत्यु के बाद मुग़ल साम्राज्य ने नियंत्रण हासिल कर लिया। पंजाब के पर्यटन सचिव डॉ. एहसान भुट्टा के अनुसार, स्थल पर मिलीं ईंट हड़प्पा काल की हैं, लेकिन इसमें शेर शाह सूरी के युग की विशेषताएं भी मौजूद हैं, जैसे बरामदा, जलाशय आदि। उन्होंने कहा, अधिक खुदाई करने से हमें यहां रहने वाले लोगों की जीवनशैली के बारे में पता चलेगा। उम्मीद है कि हड़प्पा काल की और भी विशेषताएं सामने आएंगी। उन्होंने बताया कि पुरातात्विक खुदाई में उत्तरी दिशा में मुख्य द्वार और द्वार के दोनों ओर तीन कमरे मिले हैं।



## ऑफ बीट

# एआई डॉक्टरों की तुलना में आगे निकलता दिख रहा



शतरंज, कला और चिकित्सकीय निदान में अपनी क्षमता साबित कर चुकी कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तकनीक अब चिकित्सा के क्षेत्र में डॉक्टरों से आगे निकलती दिख रही है। मरीजों के लिए डॉक्टरों में पाया जाने वाला मानवीय गुण 'सहानुभूति' अब एआई में पाया जा रहा है। ब्रिटिश मेडिकल बुलेटिन में प्रकाशित हालिया समीक्षा में 15 अध्ययनों का विश्लेषण किया गया। इसमें एआई द्वारा लिखे गए जवाबों की तुलना स्वास्थ्य पेशेवरों के लिखित उत्तरों से की गई। शोधकर्ताओं ने दोनों प्रकार के उत्तरों का सहानुभूति के आधार पर मूल्यांकन किया। परिणाम चौंकाने वाले थे- 15 में से 13 अध्ययनों (करीब 87 प्रतिशत) में एआई के उत्तर अधिक सहानुभूतिपूर्ण पाए गए। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि इससे पहले कि हम स्वास्थ्य सेवा की मानवीय संवेदना एआई के हवाले कर दें, यह समझना जरूरी है कि वास्तव में हो क्या रहा है। इन अध्ययनों में आमने-सामने बातचीत के बजाय केवल लिखित उत्तरों की तुलना की गई थी, जिससे एआई को एक संरचनात्मक बढ़त मिली। न स्वर की गलत व्याख्या का जोखिम, न शरीर की भाषा को समझने की चुनौती, और सही उत्तर देने के लिए असीमित समय दिया गया। महत्वपूर्ण बात यह है कि इन अध्ययनों में किसी प्रकार की हानि को नहीं मापा गया।

## ट्रेंड

### कितनी नौकरियां दी



कभी राहुल गांधी, तो कभी तेजस्वी आते हैं और कहते हैं- हम हर घर में नौकरी देंगे। लेकिन अब तक तुमने कितनी नौकरियां दीं? ये दोनों बेईमान हमें पटियाने आए हैं; ये समझते हैं कि जनता बुद्धू बन जाएगी।

**-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**

### प्रत्येक वार्ड सुंदर बने



जनता का आशीर्वाद, जनता के प्रति स्नेह, जनता का सेवाभाव। यही हमारा काम है और इस काम को करते हुए दिल्ली में 12 सीटों पर हम चुनाव लड़ेंगे। हम चाहते हैं कि दिल्ली का प्रत्येक वार्ड सुंदर बने, बेहतर बने और वहां विकास कार्य हों।

**-रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### अवैध प्रवासी बढ़े



आंकड़े बताते हैं कि अवैध प्रवासियों और एक खास समुदाय की आबादी, संपत्ति और ज़मीन के स्वामित्व में तेज़ी से बढ़ोतरी हुई है - यह मूल असमियों पर अपना दबदबा बनाने की साफ़कोशिश है।

**- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### महागठबंधन कुछ नहीं



महागठबंधन कुछ नहीं, एक-दूसरे की टांग खीचनें और धोखेबाजी का खेल है। इसके तीन खिलाड़ी राहुल गांधी, तेजस्वी यादव और अखिलेश यादव हैं। इन तीनों की अपनी-अपनी ढपली, अपना-अपना राग है। गांधी जी किसी भी क्रीमत पर नहीं चाहते कि दोनों यादव मुख्यमंत्री बनें।

**-केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

## बिहार विधानसभा चुनाव

**14 नवंबर को घोषित किए जाएंगे परिणाम**

**3.7 करोड़ है पात्र मतदाताओं की संख्या, इनमें से 1.95 करोड़ पुरुष जबकि 1.74 करोड़ महिलाएँ**

# सभी दलों की निगाह युवाओं पर, हर सीट पर दो लाख से ज्यादा मतदाता, 122 सीटों पर आज होगी वोटिंग

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

बिहार की 122 विधानसभा सीटों पर मंगलवार को दूसरे और अंतिम चरण में वोट डाले जाएंगे। इस चरण की खास बात यह है कि हर विधानसभा में दो लाख से अधिक की आबादी है और इस चरण का सबसे बड़ा वोट बैंक युवा है। इस चरण में युवा मतदाताओं का मतदान ही हार- जीत के आंकड़े को घुमाएगा। इस चरण में कुल 122 सीट के लिए मतदान किया जाना है। इस चरण में युवाओं की अधिक आबादी को ध्यान में रखकर पूरे चुनाव में राजनीतिक दलों ने युवाओं के मुद्दों को जोर-शोर से उठाया है। इस चरण में ग्रामीण आबादी का एक बड़ा हिस्सा भी शामिल है।

### ये है सबसे बड़ी सीट

इस चरण में सबसे बड़ी सीट हिसुआ और सबसे छोटी सीट मखदूमपुर है, जहां मखदूमपुर में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का पलड़ा भारी रहा है, वहीं दूसरी ओर हिसुआ विधानसभा सीट कांग्रेस का गढ़ रही है। हिसुआ में 3.67 लाख से अधिक व मखदूमपुर में 2.47 लाख से अधिक पंजीकृत मतदाता हैं। दूसरे चरण में 3, 70, 13, 556 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इन मतदाताओं में पुरुष मतदाता 1, 95,44, 041 और महिला मतदाता 1,74, 68, 572 हैं जबकि अन्य श्रेणी के मतदाताओं की संख्या 943 है।



### यहां सबसे ज्यादा 22-22 उम्मीदवार मैदान में

दूसरे चरण में तीन सीटों-कैमूर की चैनपुर, रोहतास की सासाराम व गया शहर सीट पर सबसे ज्यादा 22-22 उम्मीदवार मैदान में हैं। वहीं, लौरिया, चनपटिया, रक्सौल, सुगौली, बनमनखी और त्रिवेणीगंज ऐसी सीटें हैं, जहां से केवल पांच-पांच प्रत्याशी ही मैदान में हैं। इस चरण में कुछेक सीटों पर सीधा मुकाबला है तो कुछ पर बहुकोणीय लड़ाई है।

### 1302 उम्मीदवारों की अग्नि परीक्षा

दूसरे चरण में 1302 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं, जिनमें से 136 (लगभग 10 प्रतिशत) महिलाएं हैं। मतदान 45,399 केंद्रों पर होगा। वहीं, पात्र मतदाताओं की संख्या 3.7 करोड़ है। इनमें से 1.95 करोड़ पुरुष मतदाता हैं जबकि 1.74 करोड़ महिलाएँ हैं।

### पहले चरण में हुआ था 65.08% मतदान

राज्य की 243 सीटों में से 121 सीटों पर 6 नवंबर को मतदान हुआ था। पहले चरण (6 नवंबर) में 65.08% मतदान हुआ जो निर्वाचन आयोग के अनुसार राज्य के लिए एक रिकॉर्ड है। यह चरण शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ और चुनाव अधिकारियों ने बताया कि 45,000 से अधिक मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान की अनुशंसा नहीं की गई है।

## सीमांचल की 24 सीटें तय करेगी बिहार की नई सरकार

**बदले सियासी समीकरण के बीच मुस्लिम वोटर निभाएंगे बड़ी भूमिका**



बिहार चुनाव के दूसरे चरण में 11 नवंबर को सीमांचल की 24 सीटों पर भी वोटिंग होगी। जहां चौतरफा टक्कर है। एनडीए, महागठबंधन, ओवैसी की एआईएमआईएम के अलावा प्रशांत किशोर की जन सुराज भी है। इन सीटों पर मुस्लिम वोटर बड़ी भूमिका निभाएंगे। माना जा रहा है, सीमांचल की 24 सीटें बिहार की नई सरकार तय करेगी। लेकिन इस बार सियासी समीकरण बदले हुए हैं। प्रशांत किशोर की जन सुराज की एंट्री से यहां मुकाबला चौतरफा हो गया है। एक तरफ बीजेपी-जेडीयू वाला एनडीए है, दूसरी तरफ आरजेडी-कांग्रेस वाला महागठबंधन है। असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम भी सीमांचल की 15 सीटों पर लड़ रही है। वहीं जन सुराज सभी सीटों पर चुनावी मैदान में है।

### पुराना जनाधार बचाने की कवायद

एक तरफ बीजेपी-जेडीयू गठबंधन अपने पुराने जनाधार को बचाने की कोशिश में है तो वहीं आरजेडी महागठबंधन मुस्लिम-यादव समीकरण के भरोसे मैदान में है। पीके की जन सुराज शिक्षा, पलायन, रोजगार जैसे मुद्दे पर चुनावी मैदान नें उतरी है। वहीं ओवैसी मुस्लिमों की हिस्सेदारी को मुद्दा बनाए हुए हैं। वे कह चुके हैं कि जब ढाई प्रतिशत वाले मल्लाह समाज का बेटा डिप्टी सीएम का कैंडिडेट हो सकता है, तो फिर 18 फीसदी वाले मुस्लिम समाज का बेटा क्यों नहीं।

**सीमांचल में 47 फीसदी मुस्लिम वोटर निर्णायक** : सीमांचल की 47% आबादी मुस्लिम है, जिसमें कई सीटों पर मुस्लिम वोटरों की संख्या 70 फीसदी के करीब तक पहुंच जाती है। ऐसे में मुसलमान वोटर निर्णायक साबित होने वाले हैं। ओवैसी की पार्टी ने 24 में 15 सीटों पर प्रत्याशी उतारे हैं। एआईएमआईएम सीधे तौर पर मुस्लिम वोटों में बंटवारा कर सकती है। जिसका नुकसान महागठबंधन को उठाना पड़ सकता है।

## प्रियंका के कहने पर पासवान मारेंगे पलटी! प्रधानमंत्री मोदी के 'हनुमान' ने खोले पत्ते

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर मंगलवार को दूसरे चरण के तहत 122 सीटों पर वोटिंग होनी है। इससे पहले नतीजों को लेकर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने अपने पत्ते खोल दिए। उन्होंने विपक्षी गठबंधन में शामिल होने की संभावनाओं और पीएम मोदी के साथ अपनी करीबी पर विस्तार से बात की। दरअसल, एक न्यूज एजेंसी से बातचीत में चिराग पासवान से पूछा गया था कि क्या चुनाव के बाद वे विपक्षी गठबंधन में शामिल होंगे? चिराग ने इन कयासों को सिरे से खारिज करते हुए कहा, 'हम कहीं भी नहीं जा रहे हैं।' उन्होंने कहा कि वे एनडीए का हिस्सा हैं और बने रहेंगे।

**नतीजों से पहले विपक्षी गठबंधन में शामिल होने का सवाल**



### प्रियंका से होती है बातचीत

चिराग पासवान से एक सवाल यह भी किया गया कि जैसे 2002 में सोनिया गांधी ने राम विलास पासवान से संपर्क किया था और फिर वे विपक्षी खेमे में चले गए थे, तो क्या चिराग पासवान, प्रियंका गांधी द्वारा विपक्षी गठबंधन में शामिल होने का प्रस्ताव आने पर उसे स्वीकार करेंगे? इसको लेकर चिराग पासवान ने क्लियर जवाब दिया कि वे ऐसा कुछ भी नहीं करने वाले हैं। इसको लेकर केंद्रीय फूड प्रोसेसिंग मंत्री चिराग पासवान ने कहा, 'मैं प्रियंका जी से बात करता हूं, लेकिन मैं फिर से जोर देना चाहता हूं, कि जब तक मेरे प्रधानमंत्री हैं, मैं बिल्कुल कहीं नहीं जा रहा हूं।'

## तेजस्वी ने भाजपा शासित राज्यों से फोर्स बुलाने पर उठाया सवाल

**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे फेज की 122 सीटों पर वोटिंग 11 नंवबर को होनी है। इससे पहले राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने बीजेपी शासित राज्यों का हवाला देते हुए कहा कि बिहार चुनाव में 208 कंपनियां बीजेपी राज्यों से बुलाई गईं हैं। उन्होंने चुनाव आयोग से सवाल किया कि सारी फोर्स बीजेपी शासित राज्यों से ही क्यों बुलाई गई है। पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और झारखंड से क्यों कंपनियां नहीं बुलाई गई। यादव ने चुनाव की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई। तेजस्वी यादव ने कहा, 'उत्तर प्रदेश से 40 कंपनियां, गुजरात से 27 कंपनियां, मध्य प्रदेश से 23, असम से 15, महाराष्ट्र से 25 कंपनियां, छत्तीसगढ़ से 15 कंपनियां, राजस्थान से 10, मिजोरम और हरियाणा से आठ-आठ कंपनियां, नागालैंड से 15 और मेघालय से 7 कंपनियां, गोवा से छह कंपनियां, त्रिपुरा से पांच कंपनियां और उत्तराखंड से चार कंपनियां यानी कुल 208 कंपनियां भाजपा शासित राज्यों से उनकी पुलिस आई है।

### झारखंड और बंगाल से क्यों नहीं आईं कंपनियां?

राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने कहा, 'बंगाल, कर्नाटक और तमिलनाडु से कंपनियां क्यों नहीं मंगाई गई हैं। हमारे सबसे पास झारखंड है, दिल्ली की आ रही, मध्य प्रदेश की आ रही हैं, लेकिन झारखंड और बंगाल पास में हैं तो वहां से कंपनियां क्यों नहीं आई हैं।

**बीजेपी ने कांग्रेस सरकार पर दागे सवाल**

## बवाल : बेंगलुरु एयरपोर्ट के टी2 टर्मिनल पर नमाज



एजेंसी ▸▸| बेंगलुरु

कर्नाटक के बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल-2 का वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में कुछ लोग खुले में नमाज अदा करते नजर आ रहे हैं। इस पर भाजपा ने सवाल उठाए, सोशल मीडिया पर भी बड़ा विवाद छिड़ गया है।

विवाद इसलिए बढ़ा क्योंकि एयरपोर्ट परिसर में पहले से ही एक निर्धारित नमाज रूम मौजूद है, इसके बावजूद उन्होंने सार्वजनिक स्थान पर नमाज अदा की।

### दोहरा रवैया चिंताजनक

बीजेपी नेता विजय प्रसाद ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर राज्य सरकार से पूछा, 'यह एक हाई-सिक्योरिटी जोन है। यहां नमाज की कैसे अनुमति दी गई?' उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार एक तरफ आरएसएस की पथ संचलन जैसी गतिविधियों पर रोक लगाती है, लेकिन ऐसी घटनाओं पर आंख मूंद लेती है, जो गंभीर सुरक्षा चिंता का विषय है।

## बांग्लादेश में यूनुस के ग्रामीण बैंक हेडक्वार्टर पर बम हमला!

**राजधानी ढाका में बढ़ी हिंसा**

एजेंसी ▸▸| ढाका

सोमवार देर रात बांग्लादेश के अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस के ग्रामीण बैंक के मुख्यालय के बाहर अज्ञात हमलावरों ने हमला कर दिया। हमला क्रूड बमों से किया गया जिससे विस्फोट की खबरें हैं। राजधानी ढाका में बढ़ते राजनीतिक तनाव और छिटपुट हिंसा की घटनाओं के बीच यह नया हमला हुआ है।

सोमवार तड़के शरारती तत्वों ने यूनुस के एक सलाहकार के बिजनेस आउटलेट्स के सामने भी बम फोड़े और राजधानी में दो बसों को आग के हवाले कर दिया। पुलिस ने बताया कि ग्रामीण बैंक और मत्स्य व पशुपालन सलाहकार फरीदा अख्तर के स्वामित्व वाले 'प्रबर्तन' नामक आउटलेट के सामने हुए इन हमलों में कोई हताहत नहीं हुआ। मीरपुर थाने के प्रभारी अधिकारी ने बताया, 'ग्रामीण बैंक के सामने सुबह करीब 3.45 बजे बम का धमाका हुआ। अब तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। लेकिन हम बदमाशों की तलाश में अभियान चला रहे हैं।'



### 1983 में की थी स्थापना

यूनुस ने 1983 में ग्रामीण बैंक की स्थापना की थी और 2006 में गरीबी उन्मूलन और महिलाओं के सशक्तिकरण में योगदान के लिए नोबेल शांति पुरस्कार जीता था। पुलिस के अनुसार, मोहम्मदपुर इलाके में स्थित 'प्रबर्तन' के सामने सुबह करीब 7:10 बजे दो मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने क्रूड बम फेंके, जो जोरदार धमाके के साथ फटे। इनमें से एक बम आउटलेट के परिसर के भीतर भी गिरा। इस बीच, पुलिस ने बताया कि अज्ञात बदमाशों ने शहर के पॉश इलाके धनमंडी में भी दो स्थानों पर बम विस्फोट किए। मोटरसाइकिल सवारों ने इब्ने सीना अस्पताल (जिसे जमात-ए-इस्लामी से जुड़ा बताया जाता है) के पास दो बम और एक प्रमुख चौराहे पर दो और बम फोड़े।

### कई महीनों से हो रहे प्रदर्शन

पिछले कई महीनों से ढाका की सड़कों पर बार-बार 'फ्लैश मार्च' देखे जा रहे हैं, जिसमें हसीना के समर्थक अचानक निकलकर प्रदर्शन करते हैं और फिर गायब हो जाते हैं। पुलिस का कहना है कि अब तक प्रतिबंधित पार्टी आवामी लीग के 3,000 से अधिक कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया जा चुका है और बाकियों की गिरफ्तारी का अभियान जारी है।

**अलगाववादी शाह पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी**

## 'जम्मू कश्मीर में पथराव कोई साधारण घटना नहीं'

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर में पत्थरबाजी की घटना को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि जम्मू कश्मीर में पथराव कोई साधारण घटना नहीं है। कोर्ट ने कश्मीरी अलगाववादी नेता शब्बीर अहमद शाह को अपनी नज़रबंदी का आदेश प्राप्त करने के लिए नेशनल कॉन्फ्रेंस सरकार से संपर्क करने को कहा। शब्बीर शाह की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कॉलिन गोंजाल्विस ने तर्क दिया कि शब्बीर शाह 39 साल से एक ही आरोप में जेल में हैं। उनपर भाषण देने और उसके बाद पथराव करने के आरोप हैं। इसके बाद जस्टिस ने कहा, 'इस राज्य में पथराव कोई सामान्य घटना नहीं है।'



### नए तथ्यों की ओर इशारा

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता द्वारा नए तथ्यों की ओर इशारा करने और पाकिस्तान स्थित आतंकवादी नेटवर्कों से शब्बीर शाह के संबंधों पर ज़ोर देने के बाद जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप नाथ की पीठ ने एनआईए को शब्बीर शाह के नए हलफनामे पर जवाब देने के लिए तीन हफ़्ते का समय दिया। गोंजाल्विस ने दलील दी कि उनके परिवार को नजरबंदी का आदेश नहीं दिया गया था और वह 1970 से पारित कई नजरबंदी आदेशों की मांग कर रहे हैं। तुषार मेहता ने इस दलील का विरोध किया और कहा कि यह मुद्दा दिल्ली हाई कोर्ट के सामने नहीं उठाया गया था।

### मल्होत्रा निप्पॉन पेंट इंडिया के प्रबंध निदेशक नियुक्त

**नई दिल्ली।** जापान की निप्पॉन पेंट होल्डिंग्स शाखा, निप्सिया ग्रुप ने सोमवार को शरद मल्होत्रा को निप्पॉन पेंट इंडिया का प्रबंध निदेशक नियुक्त करने की घोषणा की। उनकी नियुक्ति एक दिसंबर, 2025 से प्रभावी होगी। वह कंपनी में इस पद पर आसीन होने वाले पहले भारतीय हैं।




## 'मेरा गला काट दो पर मतदाता का नाम मत हटाओ'

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बार फिर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में बयान दिया है। उन्होंने इस प्रक्रिया को 'सुपर इमरजेंसी' करार देते हुए चुनाव आयोग से इसे रोकने की बात कही है। ममता बनर्जी ने सोमवार को उत्तर बंगाल में एक प्रशासनिक बैठक में उन्होंने सीधे तौर पर चुनाव आयोग पर भाजपा का राजनीतिक हथियार होने का आरोप लगाया और कहा कि यह संशोधन अभियान चुनिंदा और दुर्भावनापूर्ण इरादे से चलाया जा रहा है। यह लोगों को बदनाम करने की जानबूझकर की गई कोशिश है! इतने लोग मारे गए, चुनाव आयोग ने एक भी शोक संदेश नहीं दिया। उन्होंने आगे कहा, आप मुझे जेल भेज सकते हैं या मेरा गला काट सकते हैं, लेकिन एक भी असली मतदाता का नाम मत काटो। बनर्जी ने चुनाव से पहले एसआईआर कराने की ज़रूरत पर संदेह जताया और इसे 'वोटबंदी' की कवायद बताया। उन्होंने भारत की सुरक्षा स्थिति और कथित घुसपैठ को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर भी हमला बोला और कहा कि आंतरिक सुरक्षा, सीआरपीएफ और बीएसएफ उनके अधीन आते हैं और उनके इस्तीफे की मांग की। मुख्यमंत्री ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की भी आलोचना की और इसे एक बड़ी भूल बताया जिसे वापस लिया जाना चाहिए। पिछले हफ़्ते, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने इस प्रक्रिया के ख़िलाफ़ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया और ज़ोर देकर कहा कि अगर एक भी योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची से छूट गया तो केंद्र की भाजपा सरकार का गिरना तय है।



**आर-पार के मूड में ममता**

**मार्च-अप्रैल में चुनाव-** गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा का कार्यकाल खत्म हो जाएगा। इसके पहले राज्य में मार्च अप्रैल में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसके पहले ही चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल समेत देश के 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की वोटर लिस्ट के विशेष पुनरीक्षण की प्रक्रिया शुरू की है।



BILASPUR: INDUSTRIAL AREA, SIRGITTI: SATYA AUTO PVT. LTD.: 9425280148 | PARSADA, TRANSPORT NAGAR: M SQUARE MOTORS: 7000857522 | KORBA: SHED NO 10, RAJGAMAR ROAD, INDUSTRIAL AREA: SATYA AUTO PVT. LTD.: 9516014225 | RAIGARH: NH49, ODISHA ROAD, BANJIPALI, RAIGARH: SATYA AUTO PVT. LTD.: 9109194894 | AMBIKAPUR: MAHAMAYA AUTO CARS: 7583887512, 6261683314.

# ट्राई 'इंटरकनेक्शन' नियमों की करेगा समीक्षा, मांगे सुझाव, परिचर्चा पत्र जारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दूरसंचार नियामक ट्राई सभी नौ मौजूदा इंटरकनेक्शन नियमों की समीक्षा कर रहा है। उसने उपग्रह-आधारित दूरसंचार नेटवर्क के लिए अन्य दूरसंचार नेटवर्कों के साथ इंटरकनेक्ट ढांचे सहित कई पहलुओं पर संबंधित पक्षों के सुझाव मांगे हैं। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने कहा कि कुल मिलाकर, समीक्षा का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि नियामकीय ढांचा प्रौद्योगिकी के विकास और दूरसंचार क्षेत्र में बदलावों को ध्यान में रखे।

सेवा प्रदाताओं के बीच इंटरकनेक्शन के दौरान वर्तमान में लागू विभिन्न शुल्कों से संबंधित नियामक पहलुओं, जैसे इंटरकनेक्शन शुल्क, इंटरकनेक्शन उपयोग शुल्क (उत्पत्ति शुल्क, पारगमन शुल्क, कैरिज शुल्क, ट्रांजिट कैरिज शुल्क, समाप्ति शुल्क और अंतरराष्ट्रीय समाप्ति शुल्क) और रेफरेंस इंटरकनेक्ट ऑफर (आरआईओ) ढांचे की भी परामर्श पत्र के माध्यम से पड़ताल की जा रही है।

### इंटरकनेक्शन दूरसंचार नेटवर्क की रीढ़ है

*सरल शब्दों में कहें तो, इंटरकनेक्शन विभिन्न दूरसंचार नेटवर्क को जोड़ता है, जिससे उपयोगकर्ताओं के बीच निर्बाध संचार संभव होता है और यह वस्तुतः नेटवर्क की रीढ़ की हड्डी है। इसमें वाणिज्यिक और तकनीकी व्यवस्थाएं शामिल हैं।*

- उपग्रह व दूरसंचार नेटवर्क के इंटरकनेक्ट ढांचे के लिए मांगे सुझाव
- समीक्षा का उद्देश्य दूरसंचार क्षेत्र में बदलावों को ध्यान में रखे
- रेफरेंस इंटरकनेक्ट ऑफर ढांचे की पड़ताल की जा रही




### एमएसएस और फिक्स्ड सैटेलाइट सेवा अलग-अलग हो

*सभी मौजूदा इंटरकनेक्शन नियमों (कुल नौ) की समीक्षा करने वाला यह पत्र, अन्य दूरसंचार नेटवर्क के साथ उपग्रह-आधारित दूरसंचार नेटवर्क के लिए इंटरकनेक्शन ढांचे के बारे में संबंधित पक्षों की राय जानना चाहता है।*

### 4जी व 5जी के क्रियान्वयन में तेजी लाने जरूरी

*ट्राई ने कहा कि इसकी समीक्षा आईपी-आधारित इंटरकनेक्शन की जांच पर केंद्रित है। यह अधिक प्रासंगिक है क्योंकि 4जी/5जी के क्रियान्वयन में तेजी लाने के लिए बेहतर सेवा गुणवत्ता, इंटरकनेक्शन के स्तर की आवश्यकता होती है। यह वर्तमान में मोबाइल नेटवर्क इंटरकनेक्शन के लिए एलएसए (लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र) स्तर पर और फिक्स्ड लाइन टेलीफोन नेटवर्क इंटरकनेक्शन के लिए जिला/तहसील स्तर पर हैं।*

### एसएमएस समाप्ति शुल्क की भी होगी समीक्षा

मौजूदा एसएमएस समाप्ति शुल्क की भी समीक्षा की जानी है, और ट्राई ने पूछा है कि क्या एनएलडीओ (नेशनल लांग डिस्टेंस ऑपरेटर) द्वारा किसी सेवा क्षेत्र के बीच एसएमएस भेजने पर एसएमएस कैरिज शुल्क निर्धारित करने की आवश्यकता है।

### इंटरकनेक्शन मुद्दों की भी जांच होगी

नियामक ने परामर्श पत्र में कहा, "वर्तमान समीक्षा का उद्देश्य उपग्रह-आधारित दूरसंचार नेटवर्क जैसे उभरते मंचों से संबंधित इंटरकनेक्शन मुद्दों की भी जांच करना है। इसमें प्रमुख पहलुओं में पॉइंट्स ऑफ इंटरकनेक्ट (पीसी) की प्रकृति और स्थान शामिल हैं, विशेष रूप से वे जो सैटेलाइट अर्थ स्टेशन गेटवे और अन्य सैटेलाइट, मोबाइल और फिक्स्ड-लाइन नेटवर्क के साथ उनके इंटरकनेक्शन से जुड़े हैं।"

* **नई दिल्ली।** कर्ज में डूबी दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया का सितंबर, 2025 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध घाटा सालाना आधार पर कम होकर 5,524 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी।

# बिकने जा रही है व्हर्लपूल इंडिया, दौड़ में केवल एडवेंट इंटरनेशनल शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

होम अप्लायंसेज बनाने वाली कंपनी व्हर्लपूल इंडिया बिकने जा रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका की प्राइवेट इक्विटी फर्म एडवेंट इंटरनेशनल इसमें बड़ी हिस्सेदारी खरीदने के बहुत करीब पहुंच गई है। वॉशिंग मशीन, किचन और रेफ्रिजरेटर जैसे घरेलू उपकरण बनाने वाली कंपनी व्हर्लपूल अपनी लागत कम करना चाहती है। कंपनी अमेरिका जैसे बड़े बाजारों में ब्लेंडर और कॉफी मेकर जैसे ज्यादा प्रॉफिट देने वाले उत्पादों पर ध्यान केंद्रित करना चाहती है। केकेआर, टीपीजी, ईक्यूटी, बैन जैसे बायआउट पीई ग्रुप्स के साथ-साथ हैवल्स और रिलायंस इंडस्ट्रीज ने भी इसमें दिलचस्पी दिखाई थी।




- खरीदने की दौड़ में पहले अंबानी से लेकर कई बड़ी कंपनियां शामिल थी

### एडवेंट 31 फीसदी हिस्सेदारी खरीदेगी

सूत्रों के मुताबिक एडवेंट इंटरनेशनल और व्हर्लपूल इंडिया की पैरेंट कंपनी व्हर्लपूल कॉर्पोरेशन के बीच बातचीत के अंतिम दौर में है। एडवेंट इसमें 31 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदना चाहती है। सूत्रों के मुताबिक इस साल के अंत तक डील फाइनल हो सकती है। भारतीय नियमों के अनुसार, इस शेयर खरीद से कंपनी के 26 प्रतिशत अतिरिक्त शेयर के लिए भी एक ओपन ऑफर शुरू होगा। अगर यह ऑफर पूरी तरह से सब्सक्राइब हो जाता है, तो एडवेंट कंपनी का 57 प्रतिशत हिस्सा अपने नाम कर लेगी।

## इमामी के लाभ में 29.7 फीसदी की आई गिरावट

**नई दिल्ली।** रोजमर्रा की जरूरत का सामान बनाने वाली घरेलू कंपनी इमामी लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 29.7 प्रतिशत घटकर 148.35 करोड़ रुपये रह गया। जीएसटी दरों में कटौती की उम्मीद में अस्थायी रूप से बिक्री घटने और कुछ उत्पाद श्रेणियों पर अत्यधिक बारिश के प्रभाव के कारण उसका मुनाफा कम हुआ। कोलकाता स्थित इस कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 210.99 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था।

## बजाज कंज्यूमर केयर का लाभ 33 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** घरेलू उपभोग का दैनिक सामान बनाने वाली कंपनी बजाज कंज्यूमर केयर लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 33 प्रतिशत बढ़कर 42.3 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का गत वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 31.85 करोड़ रुपये था। बजाज कंज्यूमर केयर लिमिटेड ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी परिचालन आय बढ़कर 265.27 करोड़ रुपये हो गई जो एक साल पहले इसी अवधि में 233.98 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने कहा कि वस्तुओं की बिक्री से प्राप्त राजस्व 261.41 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले वर्ष इसी तिमाही में यह 230.63 करोड़ रुपये था।

## सोने में 1,300 रुपए की तेजी और चांदी 2,460 रुपए चढ़ी

**नई दिल्ली।** मजबूत वैश्विक संकेतों और कमजोर डॉलर के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 1,300 रुपये बढ़कर 1,25,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी।

99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत शुक्रवार के 1,24,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की तुलना में 1,300 रुपये बढ़कर 1,25,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। स्थानीय सर्राफा बाजार में, पिछले बाजार सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,24,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, "सुरक्षित निवेश की मौजूदा मांग और कमजोर अमेरिकी वृहद आर्थिक आंकड़ों के कारण सोने में सकारात्मक रुख के साथ कारोबार फिर से शुरू हुआ, जिससे अगले महीने होने वाली फेडरल रिजर्व की बैठक में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें बढ़ गई है।

**Government of Chhattisgarh**
**Directorate of Industries**
Udyog Bhawan, Ring Road No. 1, Telibandha, Raipur, Chhattisgarh - 492006 Phone No.: (0771) 2583855
Email: dtic-directorate.cg@gov.in;
Website: https://oneclick.cgstate.gov.in/

**Tender Notice**

No.01/seminar/2025/13546 Raipur, Dated: 10/11/2025

Directorate of Industries invite online proposal from eligible bidders for Selection of an Agency for **"Request for Proposal for Selection of Professional Communication Agency for Investment Promotion and Investor Connect".** The Information cum Tender document can be downloaded from website http://eproc.cgstate.gov.in & https://oneclick.cgstate.gov.in/.

Director
Directorate of Industries
G.- 252604629/2


## राशिफल


**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।


**वृष** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।


**मिथुन** — मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।


**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।


**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।


**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।


**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।


**वृश्चिक** — आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।


**धनु** — आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।


**मकर** — वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।


**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।


**मीन** — परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

**पशुधन विकास विभाग, छत्तीसगढ़**
**कार्यालय, प्रबंधक शासकीय बकरी प्रजनन प्रक्षेत्र पकरिया**
**जिला- गौरेला - पेण्ड्रा- मरवाही (छ.ग.)**

**बकरी नीलामी की सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शासकीय बकरी प्रजनन प्रक्षेत्र पकरिया जिला - गौरेला - पेण्ड्रा मरवाही छ.ग. के अनुपयोगी एवं छंटनीकृत बकरा/बकरियों की नीलामी दिनांक 12.11.2025 दिन बुधवार को पूर्वान्ह 10 बजे से किया जावेगा। इच्छुक व्यक्ति जो अनुपयोगी बकरा/बकरियों क्रय करना चाहते है वे निर्धारित धरोहर राशि रू. 500/- (पांच सौ रू. मात्र) नीलामी के पूर्व जमा कर नीलामी में भाग ले सकते है।

असफल बोलीदार की धरोहर राशि नीलामी के पश्चात वापस कर दी जावेगी। अधिकतम बोली वाले सफल बोलीदार को बकरा / बकरियों नीलामी की पूरी राशि जमा कर उसी दिन बकरा/बकरियों को ले जाना होगा।

बकरा/बकरियों एवं नीलामी के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय अधोहस्ताक्षरी से संपर्क कर सकते है।

प्रबंधक / पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ
शासकीय बकरी प्रजनन प्रक्षेत्र पकरिया
जिला-गौरेला-पेंड्रा-मरवाही (छ.ग.)
मो.नं.- 9131301359
जी. 252604626/2

**OFFICE OF MUNICIPAL CORPORATION KORBA**

**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

NIT No:- 1472/W.S./2025 Korba Dated: 04.11.2025

| S. N. | System Tender No. | Name of Work/Description of Work | Probable Amount of Contract |
|---|---|---|---|
| 1 | 178773 (3rd Call) | Management Contract for Operation, maintenance and repairs of 29 MLD WTP & Intake well under existing Korba Water supply scheme part-2. Consisting of WTP of capacity 29 MLD & Intake well for maintenance of all the components of the WTP & Intake well including cost of labour, material, and chemical for maintaining and supplying regular water supply for 12 months. | Rs. 99.84 Lakh |

The details can be viewed directly from the Government of Chhattisgarh http://eproc.cgstate.gov.in from 21.11.2025.at 17.30 Hours. (IST) onwards.

Superintending Engineer
Municipal Corporation, Korba (C.G.)

**HIGH COURT OF CHHATTISGARH, BILASPUR**

**Tender Notice**

No: 21172/21173/CPC/2025 Bilaspur, dated / /2025

The High Court of Chhattisgarh, Bilaspur invites sealed bids from eligible bidders for the Supply/ Testing/ Installation and Maintenance of components for establishing 22 Paperless Courts including Live Streaming facilities and 89 Scanners for use in the High Court and various District Courts under the eCourts Mission Mode Project.

Interested Parties may view and download the detailed Tender (terms and conditions and Technical Specification) of aforementioned articles on the website viz. https://highcourt.cg.gov.in

I) - Documents Download start Date: 08/11/2025

II) - Last Date of Submission of Physical documents: 24/11/25 (till 04:30 PM)

Rajnish Shrivastava
Registrar General
High Court of Chhattisgarh,
Bilaspur (C.G.)
G.- 252604601/3

**OFFICE OF THE SUPERINETENDING ENGINEER PUBLIC WORK DEPARTMENT, BILASPUR CIRCLE BILASPUR, CHHATTISGARH**

**निविदा निरस्तीकरण सूचना**

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 309 दिनांक 24.09.2025 को अपेन्डिक्स 2.10 की कंडिका 4.6 के तहत अपरिहार्य कारणवश निरस्त किया जाता है।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर
जी. 252604612/3

**Office of the Chief Engineer**
**Public Health Engineering Department**
**Raipur Zone Raipur**

**Notice for Expression of Interest (2nd Call)**

| क्रं | रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रण क्रं/दिनांक/सिस्टम नं | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रूपये में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 35/07-11-2025/ 179046 | Selection of Charted Accountant firms for Appointment as Project Management Consultant and Financial Consultant | 51,00,709.00 |

आवश्यकता है-बिलासपुर की Pvt. Ltd. कम्पनी को टेलीकॉलर, मैनेजर, सोलर तकनीशियन, सोलर आपरेटर, फिल्ड ऑफिसर, सर्वेयर, कांउसलर, कम्प्यूटर आपरेटर, ऑफिस ब्वॉय (प्यून) की आवश्यकता है वेतन 10000 से 35000 सम्पर्क करें- नारायण प्लाजा बिलासपुर 8085045559, 6269222001 (39111)

आवश्यकता है-सीसीटीवी कैमरा की वायरिंग एवं फिटिंग हेतु युवकों की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- पारस इन्टरप्राइजेस, GF-26, अम्बे अंजनी ई-प्लाजा, सीएमडी कॉलेज चौक, लिंक रोड बिलासपुर 9425530470, 9893281946 (39086)

**आवश्यकता है**
प्राचार्य-1पद (डिप्लोमा इले. बीई इलेक्ट्रीकल)
प्रशिक्षण अधिकारी- 10पद (डिप्लोमा इले+ इले. ITI)
कम्प्यूटर आपरेटर- 5पद (आनलाईन वर्क, कोपा, PGDCA)
चपरासी- 10पद (10वी पास)
साक्षात्कार- दिनांक 15/11/2025 समय 11 से 4बजे
सम्पर्क करें
**प्राचार्य न्यू महाराणा ITI**
लोधीपारा पुराना सरकंडा बिलासपुर
9203905369, 9203914561

आवश्यकता है-सौर ऊर्जा पेनल की मार्केटिंग हेतु अनुभवी युवक-10, युवती-10 चाहिए वेतन योग्यतानुसार सम्पर्क- PRO Solar Energy Company कालिंदी कुंज, किचन गार्डन रेस्टोरेन्ट के पास, गौरव पथ, रिंग रोड-2, बिलासपुर 9302158989 (39121)

आवश्यकता है-माली, गार्ड, ड्राइवर एवं घरेलू कार्य करने के लिए कर्मचारी की आवश्यकता है। परिवार सहित रहने की सुविधा मिल सकती है एवं वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 7694006589 (39116)

आवश्यकता है-फैक्ट्री मेस में काम करने हेतु खाना मिस्त्री रोटी मिस्त्री, बर्तन धोने वाले, खाना देने वाले, काउन्टर में सम्भालने वाले लड़के चाहिए। रहना खाना फ्री सम्पर्क करें- बिलासपुर 8871824812, 9993334937 (39113)

आवश्यकता है-बर्तन दुकान में कार्य करने हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। पढ़े लिखे, अनुभवी। वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- इज्जी ट्रेडर्स, वाल्मीकि चौक, शनिचरी बाजार, बिलासपुर 7000174803 (39115)

आवश्यकता है-औद्योगिक क्षेत्र हेतु सुरक्षा गार्ड वेतन 13000 सुपरवाइजर 16000 फील्ड ऑफिसर 15000 कंप्यूटर ऑपरेटर 3, वेतन योग्यता अनुसार (आवास फ्री) सम्पर्क करें- Alert Sgs Private Limited, FF-6 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका चौक रायपुर 7747000019, 7747000016, 7746000016 (348)

आवश्यकता है-कपड़ा दुकान में काम करने के लिए लड़की एवं लड़को की आवश्यकता है वेतन अनुभव अनुसार सम्पर्क करें- शिवांश वस्त्रालय स्टेट बैंक के पास शिव्या प्लाजा, मंगला, बिलासपुर 6263894545 (39124)

आवश्यकता है-लॉण्ड्री शाप हेतु वाशर मैन, आयरन मैन, स्टोर मैनेजर एवं सीसीटीवी कैमरा लगाने हेतु अनुभवी युवक चाहिए सम्पर्क- शॉप नं.14, सिटी सेन्टर, सत्या आटोमोबाइल के बाजू में बिलासपुर 9752760266, 9669300033 (39119)

आवश्यकता है-लेथ मशीन मिस्त्री (अनुभवी) एवं फोरमेन जो कि सभी मशीन चलाना जानता हो सम्पर्क करें- जोत इंजीनियरिंग कृष्णा जेसीबी के पीछे सिरगिट्टी बिलासपुर 7828070065 (39120)

Requirment-Post Sales Co-ordinator Backoffice Computer Work, Skill Required (1) Knowledge in computer- MS Word, Excel, E-Mail (2) Good Communication Skills. Qualification- Graduate and Above Working Experience 0-5 Year. Contact Details- Flodyne Corporation Plot no. 71B, Industrial Area Sirgitti, Bilaspur 9755637001 (39083)

आवश्यकता है-हाऊस कीपिंग के लिए स्टाफ की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- हॉटल शिवनेरी, सीएमडी कॉलेज ग्राउंड के सामने लिंक रोड बिलासपुर 7776864202 (39109)

आवश्यकता है-रामा वैली प्रीमियम कालोनी परसदा में 2 गार्ड की आवश्यकता है न्यूनतम योग्यता ग्रेजुएट ड्युटी 8घंटा पेमेंट 8000 सम्पर्क करें- 8871694739 (39098)

आवश्यकता है- कंस्ट्रक्शन एवं इंटिरियर कम्पनी के मार्केटिंग हेतु अनुभवी फील्ड ऑफिसर मेल -2, फीमेल -2, कारीगर (कारपेंटर) -2 की आवश्यकता है सम्पर्क करें- एसबीआई एटीएम, गौरव पथ, मंगला चौक बिलासपुर 7566777007 (39099)

आवश्यकता है-किचन हेल्पर के लिए स्टाफ की आवश्यकता है सम्पर्क करें- हॉटल शिवनेरी, सीएमडी कॉलेज ग्राउंड के सामने लिंक रोड बिलासपुर 7776864202 (39110)

आवश्यकता है-दो ग्राफिक डिजाइनर की अतिशीघ्र आवश्यकता है जिसे कोरलड्रा, फोटोशॉप का अनुभवी हो एवं सोशल मीडिया पेज हेन्डल कर सके। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9131155033, 9827180896 (39112)

आवश्यकता है-फर्निशिंग दुकान में काम करने हेतु 10 लड़के, 10 लड़कियां चाहिए पता- वीआर फर्निशिंग विशाल मेगा मार्ट केएफसी के बाजू में अशोक नगर चौक के पास सीपत रोड बिलासपुर 9893127584 (39096)

आवश्यकता है-फुटवियर शॉप में अनुभवी सेल्समैन, सेल्सगर्ल, मार्केटिंग फील्ड वर्क, बिजी एकाउंट हेतु आवश्यकता है बॉयोडाटा सहित सम्पर्क करें- चरणस्पर्श शूमॉल रघुराज सिंह स्टेडिम के सामने बिलासपुर 9300300333, 8889900889, 07752407333 (39089)

आवश्यकता है-औद्योगिक क्षेत्र हेतु सुरक्षा गार्ड वेतन 13000 से 15000, सुरक्षा सुपरवाइजर वेतन 16000 से 18000, एरिया रिक्रूटमेंट ऑफिसर वेतन 16000 से 18000, फील्ड ऑफिसर वेतन 14000 से 16000 एवं ऑफिस असिस्टेंट वेतन योग्यता अनुसार रहने के लिए आवास फ्री सम्पर्क करें- BISS सिक्यूरिटी निमोरा रोड रावा भाटा बिरगांव रायपुर 8889333550, 9111400666 (16)

आवश्यकता है-दवाई दुकान में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- मुरारका एजेन्सी काली मन्दिर के सामने तेलीपारा बिलासपुर (39064)

आवश्यकता है-घर में खाना बनाने के लिए कुक पुरुष कर्मचारी की आवश्यकता है। रहने की सुविधा उपलब्ध आधार कार्ड के साथ सम्पर्क करें- 9827195555 (39101)

आवश्यकता है-पानी फेक्ट्री में काम करने हेतु छोटा हाथी, पिक अप ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार अपने बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- मुंगेली नाका चौक बिलासपुर 9754246350, 8818885830 (39074)

आवश्यकता है-अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर जिसे बीजी सॉफ्टवेयर आता हो (महिला/युवती) एवं अन्य कार्य हेतु लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- अमर जनरल स्टोर व्यापार विहार बिलासपुर 9827473604, 9131452265 (39088)

आवश्यकता है-बिलासपुर के रियल एस्टेट कंपनी में जरूरत है, सेल्स मैनेजर फ्रेशर्स & अनुभवी लड़के, लड़कियों लग्जरी ऑफिस, बेस्ट सपोर्ट सिस्टम। सम्पर्क करें- 9770468361, 7987374690 (360)

आवश्यकता है-बिजी साफ्टवेयर अनुभवी कम्प्यूटर आपरेटर युवती एवं माल जमाने, दिखाने तथा पैकिंग कार्य के लिए मेहनती लड़कों/ लड़कियों की आवश्यकता है बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- आर.के. बूट हाउस तेलीपारा बिलासपुर (39022)

आवश्यकता है-टेलीकॉलिंग के लिए युवती की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार सम्पर्क करें- महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर 9424145652, 9981428990 (357)

आवश्यकता है-प्रतिष्ठित कम्पनी में कार्य करने हेतु सेल्समेन, डिलीवरी ब्वाय, एवं टेली कम्प्यूटर आपरेटर चाहिए। वेतन योग्यतानुसार सम्पर्क करें- मातुश्री ट्रेडिंग कम्पनी गुम्बर पेट्रोल पम्प के सामने, व्यापार विहार रोड, बिलासपुर (39090)

आवश्यकता है-जिलानुसार 875 लड़के लड़कियों की आवश्यकता है पढ़ाई 8वीं से ग्रेजुएशन ड्राइवर माली गार्ड सफाई कर्मचारी रहने खाने की सुविधा सैलरी 26500 से 58500 इच्छुक व्यक्ति अपना आधार कार्ड मार्क शीट पास पोर्ट साइज फोटो व्हाट्स एप करें- 7054311719 (1211)

आवश्यकता है-राजस्व सम्बन्धी कार्यों के लिए शासकीय आफिसों में जाकर काम करवाने हेतु 5वर्ष अनुभवी व्यक्ति की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार स्थान बिलासपुर सम्पर्क करें- 9243530500 (39087)

आवश्यकता है-बिलासपुर की प्रतिष्ठित कम्पनी में ऑफिस असिस्टेंट (युवती) कम्प्यूटर एक्सेल, डेटाबेस अनुभवी अथवा फ्रेशर की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 7587483128, 7646952934 (39082)

आवश्यकता है-ऑफिस में टेलीकॉलर काम के लिए लड़को की आवश्यकता है केवल अविवाहित 18 से 28 वर्ष आयु वाले ऑल इंडिया प्लेसमेंट शुरुआती वेतन 12000 रहने के लिए कमरा दिया जाएगा सम्पर्क करें- 7310671995, 6387630593 (522)

## बेचना

बेचना है-सर्वमंगला पेट्रोल पम्प के पीछे आशा नगर उस्लापुर में डाइवर्टेड नक्शा पास डबल स्टोरी का भूमि 60×50 में 60 फुट उत्तर मुखी फ्रंट 25फीट सीमेन्ट रोड बेचना है सम्पर्क- 9300333519 (39093)

बेचना है-विकसित T&C अप्रूव्ड आवासीय कालोनी आर. के. रेसीडेन्सी तिफरा में दो स्वतंत्र मकान बेचना है कीमत 2BHK 45 लाख एवं 3BHK 80 लाख सम्पर्क करें- 9300989627 (39017)

बेचना है-रिंग रोड नं.-2 पन्ना नगर सांईबाबा हॉस्पिटल के पीछे 1318 वर्गफुट में बना 4BHK डुप्लेक्स मकान, बगल में 1250 वर्गफुट 40×31.25 खाली प्लॉट बेचना है सम्पर्क करें- 9131168785, 9827186963, 8109712128 (39104)

बेचना है-बलराम टॉकीज रोड में स्टेट बैंक के पास ग्राउण्ड फ्लोर पर 10×12 एवं फर्स्ट फ्लोर की 10×12 (ऊपर, नीचे) की दुकान बेचना है। सम्पर्क करें- 9926127230 (39118)

बेचना है-व्यापार विहार रोड पर फ्लैट क्षेत्रफल 1100 वर्गफिट तीन बेडरुम, एल साइज हाल, माड्युलर किचन, दो बाथरूम नीचे ऊपर दो ही फ्लैट होने से लेन्टर पर स्टोर रूम एवं लेन्टर उपयोग हेतु। सम्पर्क करें- 9407677091 (39103)

## किराया

किराया-मुंगेली रोड में ग्रीन गार्डन नीलगिरी अपार्टमेंट में रिनोवेटेड 3 बेडरूम का फ्लैट सर्वेंट क्वार्टर सहित किराये पर देना है सर्विस क्लास को प्राथमिकता। किराया 18000/- सम्पर्क करें- 7023445244 (39091)

किराया-3BHK फ्लैट सर्वसुविधायुक्त परिसर में चकरभाटा मार्केट से लगा, हाईकोर्ट से वाकिंग डिस्टेंस, बिलासपुर एयरपोर्ट से नजदीक किराए से देना है बहुत वाजिब कीमत में विक्रय भी संभव सम्पर्क -9826130163, 8770523386 (39085)

**किराए से देना है**
मंगला चौक के पास द्वितीय तल में पाँच हजार वर्गफीट, पचास फीट फ्रंट जगह किराए से देना है।
सम्पर्क करें 73891-91615

## फाइनेंस

फाइनेंस-राज्य ग्रामीण बैंक द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस मार्क शीट आधार कार्ड प्रॉपर्टी कृषि होम लोन 1% सालाना ब्याज 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करे, नोट धोखेबाजों से सावधान हेड ऑफिस लोन डिपार्टमेंट हेल्प लाइन नंबर- 9350674841, 7494964768 (349)

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

**हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें**

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230

| | |
|---|---|
| शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- | मो. 9993567380, 8770837744 |
| एड प्रयास:- | मो. 9826701269, 9926003943 |
| श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- | मो. 9827168452, 9300625174 |
| रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- | मो. 9826129386, 8319503386 |
| जे.जे. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9300659628 |
| भार्गव एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827167997 |
| श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- | मो. 9826705603 |
| एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827180896, 9131155033 |
| रौनक पब्लिसिटी:- | मो. 9300328290, 9981658490 |
| श्री श्याम पब्लिसिटी:- | मो. 9425540759 |
| अमित पब्लिकेशन:- | मो. 9826304304, 9827124304 |
| विप्रा विज्ञापन सेवा:- | मो. 9302462506 |
| माधवास & कम्पनी:- | मो. 9977185123, 9893115084 |
| बालाजी एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827466133, 9907047586 |



# एटीपी फाइनल्स में ज्वेरेव की आत्मविश्वास भरी शुरुआत, शेल्टन को दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| ट्यूरिन

एटीपी फाइनल्स में अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अपने अभियान की आत्मविश्वास से भरी शुरुआत की है। जर्मनी के इस स्टार खिलाड़ी ने टूर्नामेंट के पहले मैच में अमेरिकी युवा खिलाड़ी बेन शेल्टन को 6-3, 7-6(6) से शिकस्त दी। इनाल्पी एरिना में जीत के साथ, अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने बेन शेल्टन के साथ एटीपी हेड-टू-हेड सीरीज में 5-0 का रिकॉर्ड बना लिया है। दो बार के एटीपी चैंपियन अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने दूसरे सेट के टाई-ब्रेक में शेल्टन के 6/4 से आगे होने के बाद दो सेट प्वाइंट का सामना करने के बावजूद अपना संयम बनाए रखा।

■ अलेक्जेंडर ने बेन के साथ एटीपी हेड-टू-हेड सीरीज में 5-0 का रिकॉर्ड बनाया

अलेक्जेंडर ज्वेरेव आठ दिन पहले पेरिस मास्टर्स के सेमीफाइनल में जैनिक सिनर से मिली करारी हार के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। वह इस मुकाबले में बेहद तरोताजा नजर आए और पहला सेट 6-3 से अपने नाम किया।



## शेल्टन ने ज्वेरेव को टाई-ब्रेक के लिए किया मजबूर

दूसरे सेट में अपनी सर्व पर बार-बार दबाव में आने और 2-2 के स्कोर पर दो ब्रेक प्वाइंट बचाने के बावजूद, बेन शेल्टन ने ज्वेरेव को टाई-ब्रेक के लिए मजबूर किया। अमेरिकी खिलाड़ी ने टाई-ब्रेक में 4/0 की बढ़त के साथ जल्द ही निर्णायक सेट के लिए मजबूर कर दिया और बाद में उन्होंने 6/4 पर दो सेट प्वाइंट बनाए। 6/5 पर एक आसान फोरहैंड नेट पर लगाया और ज्वेरेव ने 7-6(6) से यह सेट अपने नाम किया।

## शेल्टन दुनिया के सबसे आक्रामक खिलाड़ी : अलेक्जेंडर

इस जीत के बाद अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने बेन शेल्टन को सराहा है। उन्होंने शेल्टन को दुनिया के सबसे आक्रामक खिलाड़ियों में से एक बताते हुए कहा, वह अविश्वसनीय रूप से आक्रामक खिलाड़ी हैं। शायद दुनिया के सबसे आक्रामक खिलाड़ियों में से एक हैं। टाई-ब्रेक में उन्होंने शानदार शुरुआत की। मैंने शायद एक या दो पहले सर्व मिस किए और उन्होंने जो पासिंग शॉट मारा (5/4 पर) वह बेतुका था। मुझे उन चीजों पर नियंत्रण रखना होगा, जिन्हें मैं नियंत्रित कर सकता हूं। मैंने टाई-ब्रेक के अंत में अच्छा प्रदर्शन किया और इस जीत से बेहद खुश हूं।

## खबर संक्षेप



### न्यूजीलैंड-वेस्टइंडीज का मैच बारिश के कारण रद्द

**नेल्सन।** न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच चौथा टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। न्यूजीलैंड की टीम पांच मैच की श्रृंखला में अभी 2-1 से आगे है। श्रृंखला का पांचवा और आखिरी मैच गुरुवार को डुनेडिन के यूनिवर्सिटी ओवल में खेला जाएगा। वेस्टइंडीज ने पहला मैच सात रन से जीता था। न्यूजीलैंड ने दूसरा मैच तीन रन से और रविवार को तीसरा मैच नौ रन से जीता था। न्यूजीलैंड ने सोमवार को सैक्सटन ओवल में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। लेकिन केवल 6.3 ओवर का खेल ही संभव हो पाया, जिसमें वेस्टइंडीज ने एक विकेट खोकर 38 रन बनाए।

### 13 से बेंगलुरु में राष्ट्रीय पिकलबॉल चैंपियनशिप

**बेंगलुरु।** भारत की पहली राष्ट्रीय पिकलबॉल चैंपियनशिप 13 से 16 नवंबर तक बेंगलुरु के द स्पोर्ट्स स्कूल में आयोजित की जाएगी।



आयोजकों ने यह घोषणा की। कर्नाटक पिकलबॉल एसोसिएशन (केपीए) इस प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा, जिसमें भाग लेने के लिए 20 से अधिक राज्यों से 1,200 से अधिक आवेदन मिले हैं। यह प्रतियोगिता पुरुष, महिला और मिश्रित प्रारुपों में अंडर-12 से लेकर 70 साल की उम्र से अधिक के विभिन्न आयु वर्गों में आयोजित की जाएगी। कर्नाटक पिकलबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष हर्ष ने कहा, 'पिकलबॉल ने दुनिया भर में काफी प्रगति की है और भारत सरकार की ओर से इस खेल को मान्यता दिए जाने से इसे एक नई पहचान और दिशा मिली है।'

### सेंट जेम्स स्क्वाश के फाइनल में कार्डेनास से हारे वीर

**नई दिल्ली।** भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी वीर चोटरानी को अमेरिका के स्प्रिंगफील्ड में पीएसए कॉपर इवेंट



सेंट जेम्स एक्सप्रेशन ओपन के फाइनल में मैक्सिको के शीर्ष वरीयता प्राप्त लियोनेल कार्डेनास से 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। दुनिया के 51वें नंबर के खिलाड़ी और यहां पांचवीं वरीयता प्राप्त चोटारानी ने दूसरा गेम जीतकर स्कोर बराबर कर दिया था लेकिन वह अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए और इसके बाद उन्होंने आसानी से मैच गंवा दिया।

### विश्व सुपर कबड्डी लीग ने शेट्टी को बनाया तकनीकी निदेशक

**नई दिल्ली।** विश्व सुपर कबड्डी लीग (डब्ल्यूएसकेएल) ने अगले साल की शुरुआत में होने वाले



टूर्नामेंट से पहले अंतरराष्ट्रीय कोच रवींद्र शेट्टी को अपना तकनीकी निदेशक नियुक्त किया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर के कबड्डी कोच शेट्टी लीग की तकनीकी और प्रतिस्पर्धा रूपरेखा तैयार करेंगे। इसके साथ ही वह खेल संरचना, रेफरी और कोच विकास तथा खेल प्रारूपों में नवाचार से संबंधित काम भी देखेंगे।

### मुंबई ने दो दिन में दो बार हिमाचल को किया आउट, दूसरी पारी में 139 रन पर ढेर

# रणजी सीजन में मुलानी ने तीसरी बार झटके 5 विकेट मुंबई ने हिमाचल को पारी और 120 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी के पांच विकेट की बदौलत मुंबई ने सोमवार को रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मैच के तीसरे दिन हिमाचल प्रदेश को पारी और 120 रन से हरा दिया। रणजी सीजन में मुलानी ने तीसरी बार 5 विकेट झटके है। पहली पारी में 446 रन बनाने के बाद मुंबई ने दो दिन में दो बार हिमाचल को आउट करके सत्र की दूसरी जीत दर्ज की।

मैच के तीसरे दिन हिमाचल की टीम सपाट पिच पर पहली पारी में 187 रन पर सिमट गई। दूसरी पारी में भी टीम अपने प्रदर्शन में सुधार नहीं कर सकी और पुखराज मान की 109 गेंद में नौ चौकों से 65 रन की पारी के बावजूद 139 रन पर ढेर हो गई। हिमाचल ने दिन की शुरुआत पहली पारी में सात विकेट पर 94 रन के स्कोर से की।




### मुंबई को जीत से मिले सात अंक मिले

दसवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे वैभव अरोड़ा ने 61 गेंद में छह चौकों और चार छक्कों से 51 रन की पारी खेली। अरोड़ा ने निखिल गंगटा (नाबाद 64) के साथ नौवें विकेट के लिए 77 रन जोड़े लेकिन इसके बावजूद टीम को फॉलोआन से नहीं बचा पाए। मुंबई ने पहली पारी के आधार पर 259 रन की बढ़त हासिल की। फॉलोआन खेलते हुए हिमाचल की टीम ने मुलानी (37 रन पर पांच विकेट) और मुशीर खान (23 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और पूरी टीम 49.1 ओवर में 139 रन पर सिमट गई। मुंबई को इस जीत से सात अंक मिले।

### गोवा ने मध्यप्रदेश को 187 पर समेटा

रणजी ट्रॉफी के अपने चौथे मैच की पहली पारी में गोवा ने मध्यप्रदेश को 187 रन के स्कोर पर समेट दिया और पहली पारी में इस टीम को 97 रन की अहम बढ़त मिली। गोवा की तरफ से वासुकी कोशिश ने शानदार बॉलिंग करते हुए सबसे ज्यादा विकेट लिए तो वहीं अर्जुन तेंदुलकर की गेंदबाजी भी अच्छी रही। मध्यप्रदेश के खिलाफ पहली पारी में अर्जुन तेंदुलकर ने 12 ओवर में 34 रन देकर 2 विकेट झटके तो वहीं वासुकि कौशिश ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 19 ओवर में 34 रन देकर 5 विकेट लिए।

### रावत के शतक के बावजूद झारखंड के खिलाफ बड़ौदा पिछड़ा

**वडोदरा।** बड़ौदा के मध्य क्रम के बल्लेबाज शाश्वत रावत ने जुझारू शतक जड़ा लेकिन इसके बावजूद अंक तालिका में शीर्ष पर चल रहे झारखंड ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच के तीसरे दिन पहली पारी के आधार पर 215 रन की बड़ी बढ़त हासिल की। रावत ने 230 गेंद में 106 रन की पारी खेली लेकिन इसके बावजूद बड़ौदा की टीम पहली पारी में 291 रन पर ढेर हो गई। झारखंड ने पहली पारी में 506 रन बनाए थे। झारखंड ने दिन का खेल खत्म होने तक दूसरी पारी में एक विकेट पर 10 रन बना लिए हैं, जिससे उसकी कुल बढ़त 225 रन की हो गई है। रावत ने अपनी पारी में पांच चौके और एक छक्का मारा। उन्होंने विकेटकीपर बल्लेबाज मितेश पटेल (61) के साथ पांचवें विकेट के लिए 123 रन की साझेदारी की लेकिन इसके बावजूद झारखंड को बड़ी बढ़त हासिल करने से नहीं रोक पाए।



### ध्रुव शोरे और अमन मोखाडे ने की 199 रन की साझेदारी

नागपुर में ध्रुव शोरे (101) ने मैच का अपना दूसरा शतक जड़ने के अलावा शतकवीर अमन मोखाडे (नाबाद 101) के साथ दूसरे विकेट के लिए 199 रन की साझेदारी की, जिससे विदर्भ ने ओडिशा के खिलाफ दूसरी पारी दो विकेट पर 218 रन पर घोषित करके मेहमान टीम को 345 रन का लक्ष्य दिया। ओडिशा ने दूसरी पारी में बिना विकेट खोए 44 रन बना लिए हैं। मेहमान टीम को अंतिम दिन जीत के लिए 301 रन की दरकार है। दिन का खेल खत्म होने पर स्वस्तिक समल 25 जबकि गौरव चौधरी 17 रन बनाकर खेल रहे थे।

### शतरंज विश्व कप

# चौथे दौर में एरिगैसी, प्रज्ञाननंदा प्रभावशाली प्रदर्शन की उम्मीद



एजेंसी ▶▶| पणजी

भारत के शीर्ष ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी, आर. प्रज्ञाननंदा और पी. हरिकृष्णा फिडे विश्व कप शतरंज टूर्नामेंट के पहले विश्राम दिवस के बाद चौथे दौर में भी अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखना चाहेंगे।

भारत के सर्वोच्च रेटिंग प्राप्त खिलाड़ी अर्जुन चौथे दौर में हंगरी के अनुभवी पीटर लेको के खिलाफ प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेंगे, जबकि प्रज्ञाननंदा का सामना फिडे के ध्वज तले खेल रहे डेनियल डुबोव से होगा। तीनों भारतीय खिलाड़ियों में सबसे अनुभवी हरिकृष्णा अगले दौर में स्वीडन के निल्स ग्रैंडेलियस से भिड़ेंगे।

### लेको का अर्जुन से सामना करना आसान नहीं

*लेको पिछले 20 वर्ष से शतरंज की दुनिया में जाना पहचाना नाम है। उनके लिए हालांकि अर्जुन का सामना करना आसान नहीं होगा। हंगरी के इस 46 वर्षीय खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलिया के बॉबी चेंग और ऑस्ट्रिया के किरील अलेक्सेन्को को बिना किसी टाईब्रेक गेम के हराया, जिससे उनकी फॉर्म का पता चलता है।अर्जुन ने भी अपने दोनों मैच बिना किसी टाईब्रेकर के जीते, जिससे लेको के खिलाफ उनका मुकाबला रोमांचक होने की संभावना है। इस भारतीय खिलाड़ी ने अब तक क्लासिकल टाइम कंट्रोल के तहत अपने चार में से तीन गेम जीते हैं। उन्होंने इस दौरान बुल्गारिया के मार्टिन पेट्रोव और उज्बेकिस्तान के शमसिद्दीन वोखिदोव को बाहर का रास्ता दिखाया।*

### प्रज्ञाननंदा का सामना डुबोव से

इस बीच दर्शकों के पसंदीदा प्रज्ञाननंदा का सामना डुबोव से होगा, जो रणनीतिक चाल चलने में माहिर माने जाते हैं। रूस के खिलाड़ी ने चीन के बाई जिंशी और उरुग्वे के जॉर्ज मायर के खिलाफ दो टाईब्रेक गेम में जीत दर्ज करके अपने कौशल का अच्छा परिचय दिया है। प्रज्ञाननंदा दूसरे राउंड में ही बाहर होने के करीब थे, लेकिन किसी तरह ऑस्ट्रेलिया के तैमूर कुयबोकारोव के खिलाफ टाईब्रेकर में बच गए। उन्होंने तीसरे राउंड के अपने प्रतिद्वंद्वी अर्मेनिया के रॉबर्ट होवहानिस्यान पर जीत हासिल की।

**अपार अनुभव पर निर्भर होंगे हरिकृष्णा :** हरिकृष्णा ने रूस के आर्सेनी नेस्टरोव और बेल्जियम के डेनियल दर्धा पर आसान जीत के साथ यहां तक का सफर तय किया। वह चौथे राउंड में ग्रैंडेलियस को हराने के लिए अपने अपार अनुभव पर निर्भर होंगे।

# महिला क्रिकेट टीम को पहली बार मिल सकता है विदेशी स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विश्व कप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम को निकट भविष्य में अपना पहला विदेशी स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच मिलने की पूरी संभावना है। बीसीसीआई ने पहले ही बेंगलुरु स्थित उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) में स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग विभाग में कई भर्तियां की हैं।

बीसीसीआई सूत्रों के अनुसार, बांग्लादेश पुरुष टीम के स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच नाथन कीली भारतीय बोर्ड के साथ बातचीत कर रहे हैं और संभावना है कि वह सीओई में शामिल हो सकते हैं। भारतीय महिला टीम की वर्तमान स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच एआई हर्षा ने विश्व कप में खिताब दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी लेकिन पता चला है कि बीसीसीआई उनको कोई और कार्य देना चाहता है। बांग्लादेश की राष्ट्रीय टीम के साथ काम करने के अलावा कीली ने न्यू साउथ वेल्स की प्रथम श्रेणी टीम के सहायक कोच के



रूप में भी काम किया है। अब तक सीओई से जुड़े व्यक्ति को ही महिला क्रिकेट टीम का स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच नियुक्त किया जाता रहा है, लेकिन अगर कीली इसमें शामिल होते हैं तो वह पहले विदेशी कोच हो सकते हैं। भारतीय पुरुष टीम के स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच एड्रियन ली रॉ हैं। भारतीय टीम के साथ उनका यह दूसरा कार्यकाल है।

# विश्व कप के लिए जूनियर महिला हॉकी टीम का ऐलान, ज्योति को कमान

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने चिली के सैंटियागो में 25 नवंबर से 13 दिसंबर तक होने वाले एफआईएच महिला जूनियर विश्व कप के लिए ज्योति सिंह की अगुवाई में 20 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। पूर्व भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी तुषार खांडेकर की कोचिंग वाली 20 सदस्यीय टीम में 18 मुख्य खिलाड़ी और दो वैकल्पिक खिलाड़ी शामिल हैं। मुख्य कोच खांडेकर ने कहा, मैं टीम और उसके मौजूदा प्रदर्शन से बहुत खुश हूं। मेरा मुख्य सिद्धांत अनुशासन है और इस टीम को बनाते समय मैंने इसे ध्यान में रखा है। हमने कड़ी मेहनत की है तथा पिछले कुछ महीनो में हमारे खिलाड़ियों ने अपने खेल में काफी सुधार किया है।' भारत को पूल सी में रखा गया है और वह अपने अभियान की शुरुआत एक दिसंबर को नामीबिया के खिलाफ करेगा। इसके बाद वह तीन दिसंबर को जर्मनी और फिर पांच दिसंबर को आयरलैंड का सामना करेगा। प्रत्येक पूल से शीर्ष टीमें नॉकआउट चरण में पहुंचेंगी, जो सात से 13 दिसंबर तक खेला जाएगा।

### एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप में ग्रुप सी में भारत

**नई दिल्ली।** भारत को अगले साल थाईलैंड में होने वाले एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप फाइनल के कड़े ग्रुप सी में जापान, ऑस्ट्रेलिया और चीनी ताइपे के साथ रखा गया है। ड्रॉ बैंकॉक में आयोजित किया गया।

# लय हासिल करने पर लक्ष्य और प्रणय की निगाहें

एजेंसी ▶▶| कुमामोटो

भारतीय शटलर एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन मंगलवार 11 नवंबर से शुरू हो रहे 475,000 डॉलर इनामी कुमामोटो मास्टर्स जापान सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपनी लय फिर से हासिल करने की कोशिश करेंगे।

लक्ष्य मौजूदा सत्र में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उन्हें यहां सातवीं वरीयता दी गई है। अल्मोड़ा के इस 24 वर्षीय खिलाड़ी को पहले दौर में जापान के कोकी वतनबे की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। विश्व चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता प्रणय को ओलंपिक से पहले चिकनगुनिया होने के बाद से संघर्ष करना पड़ रहा है। वह एक महीने से ज्यादा समय के ब्रेक के बाद वापसी करेंगे। वह मलेशिया के जुन हाओ लियोंग के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेंगे।

### शेट्टी पहले दौर में भिड़ेंगे विटिडसार्न से

अमेरिकी ओपन विजेता आयुष शेट्टी पहले दौर में थाईलैंड के शीर्ष वरीयता प्राप्त कुनलावुत विटिडसार्न से भिड़ेंगे। मकाऊ ओपन सुपर 300 के सेमीफाइनलिस्ट थारुण मन्नेपल्ली का मुकाबला कोरिया के जियोन ह्योक जिन से होगा, जबकि किरण जॉर्ज का मुकाबला क्वालीफायर से होगा। मिश्रित युगल में रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गादे का मुकाबला प्रेस्ली स्मिथ और जेनी गाई की अमेरिकी जोड़ी से होगा।

**एनएमडीसी लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
'खनिज भवन', 10-3-311/ए, कैसल हिल्स, मसाब टैंक, हैदराबाद-500028
सीआईएन - L13100AP1958GOI001674
NMDC

**अनुबंध विभाग**
निविदा पूछताछ संख्या: एचओ (अनुबंध)/एनसीपी एवं डीएचसीएस/डीईपी-13/285
दिनांक: 11/11/2025

भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के अंतर्गत एक "नवरत्न" सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी, एनएमडीसी लिमिटेड, अनुभवी, प्रतिष्ठित और सक्षम **घरेलू बोलीदाताओं** से **एमएसटीसी पोर्टल** के माध्यम से निम्नलिखित कार्यों के लिए **ऑनलाइन बोलियाँ** आमंत्रित करती है:

अ. **"डिपॉज़िट-13 खदान से एमवी रेलवे साइडिंग तक लौह अयस्क के परिवहन और किरंदुल, दंतेवाड़ा, छत्तीसगढ़ स्थित एमवी रेलवे साइडिंग पर निर्माण-संचालन-हस्तांतरण (बीओटी)-टोल आधार पर निर्वहन हेतु 10 मेगाटन क्षमता वाली फीडिंग प्रणाली और उपयुक्त संवहन प्रणाली का विकास"।**

और

ब. **"विकसित सुविधाओं का संचालन और रखरखाव, कमीशनिंग की तिथि से 15 वर्षों की अनुमानित अवधि के लिए, जिसे आपसी सहमति के आधार पर 5 वर्षों के लिए और बढ़ाया जा सकता है"।**

विस्तृत एनआईटी और बोली दस्तावेज़ **10/11/2025 से 08/12/2025** तक निम्नलिखित वेबसाइट लिंक से देखे और/या डाउनलोड किए जा सकते हैं:

1. एनएमडीसी वेबसाइट - https://nmdcportals.nmdc.co.in/nmdctender
2. केंद्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल (CPP पोर्टल) http://www.eprocure.gov.in/epublish/app और
3. एमएसटीसी पोर्टल-https://www.mstcecommerce.com/eprocn/और **एनएमडीसी निविदा कार्यक्रम संख्या एनएमडीसी/मुख्यालय/अनुबंध/37/25-26/ईटी/470 [डीईपी 13 से एमवी साइडिंग तक डीएचसी] खोजें।**
4. अधिक सहायता के लिए एमएसटीसी वेबसाइट में दिए गए 'विक्रेता मार्गदर्शिका' देखें।

बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे अपनी बोलियाँ केवल **एमएसटीसी पोर्टल** के माध्यम से ऑनलाइन जमा करें। ऑनलाइन बोली जमा करने का विवरण एनआईटी में दिया गया है। बोलीदाताओं को भविष्य में किसी भी प्रकार के शुद्धिपत्र (यदि कोई हो) के लिए नियमित रूप से एनएमडीसी की वेबसाइट/सीपीपी पोर्टल/एमएसटीसी वेबसाइट पर जाना होगा।

अधिक स्पष्टीकरण के लिए, आर.बी. प्रधान, सहायक महाप्रबंधक (खनन), परिवर्तन एवं नवाचार विभाग, एनएमडीसी लिमिटेड, हैदराबाद से टेलीफोन नंबर +91 9406404938, ई-मेल: rbpradhan@nmdc.co.in पर संपर्क किया जा सकता है।

**कार्यकारी निदेशक (कार्य)**

**मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर**
**जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर 302017**
**पीएच.डी. कार्यक्रम 2025-26 में प्रवेश**

एफ.4/ए-वी-1/2025-26/शैक्ष./पीएच.डी./02

सभी विभागो/केंद्रों में सम सेमेस्टर 2025-26 (जनवरी 2026) के लिए पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित हैं। अधिक जानकारी के लिए www.mnit.ac.in पर जाएँ। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 25 नवंबर 2025 है।

CBC 21312/12/0005/2526 पंजीयक

**आम सूचना**

ICICI Bank
पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, चकली सर्किल के पास, ओल्ड पादरा रोड, वडोदरा- 390 007
कारपोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स मुंबई 400051

**स्वर्ण ई-नीलामी सह आमंत्रण सूचना**

नीचे उल्लिखित ऋणधारकों को स्वर्ण आभूषण के एवज में आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (ICICI Bank) से उन्हें उपलब्ध कराई गई ("सुविधा") में बकाया धनराशि को चुक्ता करने हेतु सूचना जारी की जा चुकी है। चूँकि ऋणधारक सुविधा अन्तर्गत बकाया भुगतान करने में असफल हो चुके हैं, हम **21 नवबंर, 2025** को बंधक स्वर्ण आभूषणों की ई-नीलामी व्यवहृत करने को बाध्य हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के किसी खाता को हटाने का/ई-नीलामी की तारीख में परिवर्तन करने का अधिकार रखता है। नीलामी ऑनलाईन **https://gold.samil.in पर 12:30 बजे अपराह्न से 3:30 बजे** अपराह्न के बीच आयोजित की जायेगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया दी गई वेबसाईट का अवलोकन करें। ऋणधारक की मृत्यु की स्थिति में उसके वैध उतराधिकारी पर सभी नियम एवं शर्ते लागू होंगी।

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : अभनपुर | |
| 785857000004 | तारेश कुमार साहू |
| शाखा का नाम : अंबिकापुर | |
| 042562002750 | अनिता साहू |
| शाखा का नाम : बैकुण्ठपुर, छत्तीसगढ़ | |
| 360562001828 | रोशन सिंह |
| शाखा का नाम : बस्तर, छत्तीसगढ़ | |
| 360162000960 | कमल किशोर कश्यप |
| 360162001447 | पंकज सूर्यवंशी |
| 360162001637 | महेंद्र कश्यप |
| 360162001739 | नरेंद्र कश्यप |
| 360162001991 | चीतू राम कश्यप |
| 360162002034 | लोहारू पटेल |
| 360162002038 | राजेन्द्र कुमार हिडपो |
| 360162002046 | उमेश कश्यप |
| शाखा का नाम : भिलाई | |
| 018662008483 | खुशी साहू |
| शाखा का नाम : भिलाई नगर -भिलाई 3 | |
| 741862000809 | मनीषा मंडावी |
| शाखा का नाम : भिलाईनगर-नंदिनीरोड | |
| 181562002030 | सुखजीत कौर |
| 181562002279 | हिमांशु दास |
| शाखा का नाम : चिरमिरी | |
| 162562002709 | ललित कुमार दहिया |
| 162562002722 | सोनू जायसवाल |
| 162562003013 | संतोष कुमार साहू |
| शाखा का नाम : दल्ली राजहरा | |
| 197762001226 | आसिन बाई |
| शाखा का नाम : दंतेवाड़ा | |
| 829862000009 | सुरेश कुमार टामो |
| शाखा का नाम : धमतरी | |
| 084062002707 | पुष्पेन्द्र पटेल |
| शाखा का नाम : दुर्ग | |
| 062362002135 | अब्दुल इरफान |
| शाखा का नाम : दुर्ग-इंदिरा मार्केट | |
| 552757000011 | नाजनीन परवीन |
| शाखा का नाम : घरघोड़ा, छत्तीसगढ़ | |

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| 372262001351 | मकुंद राम राठिया |
| 372262001573 | सुरेश यादव |
| शाखा का नाम : जगदलपुर | |
| 108562011599 | तुलसीराम मांझी |
| 108562011641 | कुश गुप्ता |
| 108562011732 | महेन्द्र सिंह ठाकुर |
| 108562011850 | ऋतु कश्यप |
| 108562012592 | सुरेखा डहरिया |
| 108562012731 | बंसी सेठिया |
| 108562012700 | पार्वती कश्यप |
| 108562012703 | नारायण सिंह भारती |
| 108562012707 | हीरामणि हीरामणि |
| 108562012715 | जम्मूधर कश्यप |
| शाखा का नाम : जगदलपुर 2 | |
| 443162001447 | सुरेन्द्र पटेल |
| शाखा का नाम : जांजगीर-नेताजी चौक | |
| 782862000194 | पुष्पेन्द्र सतनामी |
| शाखा का नाम : कांकेर, छत्तीसगढ़ | |
| 371762002976 | हीना कौशर |
| 371762002969 | इशांत सोनी |
| शाखा का नाम : कटघोरा | |
| 328862001278 | राजेश पाण्डेय |
| 328862001285 | मुकेश कुमार कंवर |
| शाखा का नाम : कवर्धा | |
| 098762001327 | सुरेश साहू |
| शाखा का नाम : कोण्डागांव, छत्तीसगढ़ | |
| 328162005924 | गीता मंडावी |
| 328162003017 | अंकित कुमार नामदेव |
| 328162004492 | गायत्री नामदेव |
| 328162005331 | अशोक कुमार दीवान |
| 328162005898 | राजेन्द्र दास मानिकपुरी |
| 328162005909 | सुखल सोरी |
| 328162005912 | मनीषा कोर्राम |
| 328162005935 | नवीन शील |
| 328162005936 | गैंदल लाल जैन |
| 328162005939 | रूही मुस्ताक |
| शाखा का नाम : कोरबा | |
| 035362003019 | संगीता दिनकर |
| शाखा का नाम : कुरूद, छत्तीसगढ़ | |

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| 371662001517 | मिलापचंद दिवांगन |
| शाखा का नाम : नागरनार | |
| 263962003302 | मनगल दास |
| 263962003307 | धानेश्वर कश्यप |
| 263962003313 | पकलू कश्यप |
| 263962003315 | जयंत कुमार बिशई |
| 263962003318 | सोमनाथ सिन्हा |
| शाखा का नाम : नारायणपुर | |
| 783557000014 | विवेक कतलाम |
| शाखा का नाम : नया रायपुर | |
| 390762000571 | राम नारायण तिवारी |
| शाखा का नाम : पत्थलगांव | |
| 782162000115 | शेखर यादव |
| 782162000118 | मनीष भगत |
| शाखा का नाम : पेण्ड्रा | |
| 784862000214 | सुरेन्द्र कुमार वाकरे |
| 784862000217 | दुर्गेश रजक |
| शाखा का नाम : रायपुर | |
| 016162012015 | ईश्वरी सिन्हा |
| शाखा का नाम : रायपुर-अवंति विहार | |
| 472057000003 | विश्वास चंदानी |
| शाखा का नाम : रायपुर-सुंदर नगर | |
| 409562001244 | लता साहू |
| शाखा का नाम : रायपुर-फाफाडीह | |
| 438662000814 | नलिन विलफ्रेड हेनरी |
| शाखा का नाम : राजनांदगांव | |
| 062462002990 | घनश्याम नेताम |
| शाखा का नाम : सरायपाली | |
| 783262000178 | रविशंकर मानस राम भोई |
| शाखा का नाम : सारंगढ़, छत्तीसगढ़ | |
| 371862002823 | युवराज नाईक |
| 371862002184 | हुलेश खुंटे |
| 371862002489 | रति दास महंत |
| 371862002821 | बद्रिका बाई कर्ष |
| शाखा का नाम : सुकमा | |
| 788262000010 | गंगाराम नाग |
| शाखा का नाम : रीवा-समन तिराहा | |
| 330562001175 | राजेश्वर प्रसाद मिश्रा |

दिनांक : 11.11.2025
स्थान : बस्तर, रायगढ़, रायपुर, कोण्डागांव, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, जशपुर, बालोद, सारंगढ़-बिलाईगढ़, महासमुंद, उत्तर बस्तर कांकेर, कबीरधाम, धमतरी, दुर्ग, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, कोरबा, कोरिया, राजनांदगांव, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, सुकमा, जांजगीर-चांपा, सरगुजा, नारायणपुर, पेण्ड्रारोड

सही - प्राधिकृत अधिकारी
कृते, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड






# भविष्य में यूं कटेंगे बाल, एआई रोबोट 10 सेकंड में देगा मनचाहा हेयरस्टाइल

**टोक्यो**। सोशल मीडिया पर एक वीडियो ने पूरी दुनिया में हड़कंप मचा दिया है। वीडियो में दिखाया गया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वाला रोबोट बार्बर महज 10 सेकंड में ऐसा हेयरकट दे रहा है कि देखकर बड़े-बड़े सैलून वाले भी घबरा गए हैं। अब नाई की दुकान पर घंटों इंतजार करते हुए- भैया थोड़ा छोटा करो, अरे नहीं इतना नहीं, जैसे डायलॉग बोलने की जरूरत ही खत्म हो जाएगी। इसे जापान की टेक्नोलॉजी कंपनी ने बनाया है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि शख्स मशीन के अंदर सिर डालता है, टच स्क्रीन पर अपना मनचाहा हेयरकट चुनता है और ठीक 10 सेकंड बाद जब सिर बाहर निकालता है तो बाल बिल्कुल परफेक्ट कटे हुए नजर आते हैं। लोग भी इसका परफेक्शन देख हैरान हैं।



## ऐसे काम करता है मॉडर्न नाई!

इस मशीन का काम करने का तरीका जानकर आप दंग रह जाएंगे। सबसे पहले यह 360 डिग्री 8के कैमरे से आपके सिर को स्कैन करती है। फिर एआई अल्गोरिदम हर बाल की मोटाई, लंबाई, ग्रोथ डायरेक्शन और फेस शेप एनालाइज करता है। इसके बाद 32 रोबोटिक आर्म्स जो कार्बन फाइबर ब्लेड्स से लैस हैं, मिलीसेकंड में कटिंग शुरू कर देते हैं। सबसे खास बात यह कि यह लेजर गाइडेड है, एक भी बाल इधर-उधर नहीं होता। लड़कियों के लिए अलग मोड है जिसमें लेयर्स, स्टेप कट, बॉब कट सब 15-20 सेकंड में हो जाता है। इसके जरिए आप बाल कलर भी कर सकते हैं।


## वायरल हुआ नाई

लोगों ने वीडियो पर कई तरह के कमेंट्स कर अपनी दिलचस्पी दिखाई। जहां इस वीडियो से नाई समाज में डर समा गया है, वहीं टेक लवर्स खुश हैं कि अब सुबह-सुबह लेट होने की टेंशन खत्म हो जाएगी। कंपनी का दावा है कि यह मशीन 2026 में भारत में भी लॉन्च होगी और शुरुआती कीमत सिर्फ 49,999 रुपये होगी। इसमें लाइफटाइम फ्री सर्विस और 5 साल तक फ्री ब्लेड रिप्लेसमेंट दिया जाएगा। यानी इसे घर में लगाओ, हॉस्टल में लगाओ या सैलून में, हर जगह काम आएगी।

# ये हैं दुनिया के 7 सबसे खतरनाक तूफानी ठिकाने


लंदन। धरती पर ज्यादातर तूफान अपने साथ खतरनाक हवाएं लेकर आते हैं। अगर ये हवाएं 58 मील प्रति घंटे से ज्यादा तेजी से चलें तो बड़ी तबाही मचा सकती हैं। हमारी धरती पर ऐसी कई जगहें हैं जहां बेहद तेज और खतरनाक है।

### बैरो द्वीप, ऑस्ट्रेलिया




ऑस्ट्रेलिया के बैरो द्वीप पर 10 अप्रैल 1996 को चक्रवात ओलिविया आया था। इस चक्रवात के दौरान एक ऑटोमैटिक मौसम केंद्र ने हवा की रफ्तार 253 मील प्रति घंटे दर्ज की थी।

### केप ब्लैंको, ओरेगन



केप ब्लैंको, ओरेगन का एक तटीय इलाका है जहां सर्दियों में बहुत तेज तूफान आते हैं। इन तूफानों में हवा की रफ्तार अक्सर 70 से 100 मील प्रति घंटे की रफ्तार तक पहुंच गया था। इस वजह से यह उत्तरी अमेरिका की सबसे तेज हवाओं वाली जगहों में से एक बन गया है।

### माउंट एवरेस्ट



माउंट एवरेस्ट की चोटी पर हवाएं अक्सर तूफान की रफ्तार तक पहुंच जाती हैं। इस खासकर सर्दियों के मौसम में होता है। फरवरी 2004 में यहां हवा की 175 मील प्रति घंटे तक पहुंच गई थी।

### माउंट वाशिंगटन, न्यू हैम्पशायर


माउंट वाशिंगटन पर 12 अप्रैल 1934 को एक रिकॉर्ड बना था। वहां की वेधशाला ने 231 मील प्रति घंटे की बहुत तेज हवा दर्ज की थी। उस समय इसे धरती की सबसे तेज हवा माना गया था।



### कॉमनवेल्थ बे, अंटार्कटिका

अंटार्कटिका में मौजूद कॉमनवेल्थ बे धरती पर सबसे तेज हवाओं वाली जगहों में से एक है। यहां लगातार शक्तिशाली हवाएं चलती हैं जिसे काटाबेटिक हवाएं कहते हैं। यहां चलने वाली हवाओं की रफ्तार 50 मील प्रति घंटे से ज्यादा होती है और इनके झोंके 150 मील प्रति घंटे से भी ज्यादा हो सकते हैं।

### वेलिंगटन, न्यूजीलैंड



न्यूजीलैंड के शहर वेलिंगटन को विंडी वेलिंगटन भी कहा जाता है। इस शहर में एक बार 154 मील प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं तेज चली थीं। यहां हवा की औसत गति भी 27 मील प्रति घंटे रहती हैं। एक साल ऐसा भी जब यबां 233 तक तूफानी हवाएं दर्ज की गईं थीं।


### ब्रिज क्रीक, ओक्लाहोमा



3 मई 1999 को ब्रिज क्रीक में भयानक बवंडर आया था। उस बवंडर के दौरान एक ट्रक पर लगे डॉप्लर रडार ने हवा की गति 300 मील प्रति घंटे से भी ज्यादा की हवा दर्ज की। इस अब तक की सबसे तेज हवा माना जाता है।

नासा को झटका

# खराब मौसम के चलते टालना पड़ा एस्केपेड मार्स मिशन का लॉन्च



**वॉशिंगटन**। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा के पांच सालों में अपने पहले मंगल मिशन के लिए कुछ समय और इंतजार करना होगा। ब्लू ओरिजिन ने मौसम संबंधी समस्याओं के कारण नासा के बहुप्रतीक्षित एस्केपेड मंगल मिशन के अपने न्यू ग्लेन रॉकेट लॉन्च को टाल दिया है। कंपनी ने बताया है कि लॉन्च में देरी क्यूम्यलस क्लाउड नियम के उल्लंघन के कारण हुई है। इसे संभावित खराब मौसम के बीच सुरक्षित प्रक्षेपण स्थितियों को सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन किया गया है। एस्केपेड मिशन ब्लू और गोल्ड नाम के दो छोटे अंतरिक्ष यान का उपयोग करके मंगल के चुंबकीय क्षेत्र और वायुमंडलीय क्षति का अध्ययन करना है।

## कंपनी ने दिया बयान

ब्लू ओरिजिन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आज का एनजी-2 प्रक्षेपण क्यूम्यलस क्लाउड नियम के कारण रद्द कर दिया गया है। हम पूर्वानुमानित मौसम के आधार पर अपने अगले प्रक्षेपण प्रयास के अवसरों की समीक्षा कर रहे हैं। यह प्रक्षेपण ब्लू ओरिजिन के भारी-भरकम न्यू ग्लेन रॉकेट की दूसरी उड़ान के रूप में निर्धारित था। कंपनी 24 घंटे बाद एक नया प्रयास करने की योजना बना रही है, बशर्ते मौसम की स्थिति में सुधार हो और सभी प्रणालियां तैयार हों। यह देरी रॉकेट प्रक्षेपणों के लिए मौसम से उत्पन्न होने वाली लगातार चुनौतियों को उजागर करती है, जहां सख्त सुरक्षा नियम वायुमंडलीय परिस्थितियों और वाहन के प्रदर्शन के बीच जटिल अंतर्संबंध को नियंत्रित करते हैं।

## क्या है लॉन्च का मकसद

एस्केपेड का लक्ष्य नए लॉन्च-एंड-लोइटर प्रक्षेप पथ पर चलना है, जो 2026 के अंत में मंगल ग्रह की अंतर्ग्रहीय यात्रा शुरू करने से पहले पृथ्वी की कक्षा के पास स्थित होगा। यह जुड़वां अंतरिक्ष यान मंगल ग्रह के वायुमंडल के लुप्त होने और सौर वायु तथा अंतरिक्षीय मौसम के ग्रह के जलवायु विकास पर पड़ने वाले प्रभावों जैसे महत्वपूर्ण प्रश्नों की पड़ताल करेगा। ब्लू ओरिजिन की ओर से न्यू ग्लेन रॉकेट के ऊपर एस्केपेड मिशन को प्रक्षेपित करने के प्रयास में अटलांटिक महासागर में स्वायत्त पुनर्प्राप्ति यान जैकलिन पर रॉकेट के पहले चरण को उतारने का प्रयास भी शामिल है। यह फिर से प्रयोज्य हेवी लिफ्ट रॉकेट तकनीक के प्रदर्शन में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# सबसे महंगी कॉफी, शहद जैसा स्वाद एक कप की कीमत 89 हजार रुपए

**नई दिल्ली**। चाय और कॉफी, ये दो ऐसी चीजें हैं, जिन्हें आज दुनियाभर में पसंद किया जाता है। चाय वैसे सबसे ज्यादा भारतीय लोग ही पसंद करते हैं, जबकि कॉफी विदेशों में काफी प्रचलन में है। ऐसी कई कंपनियां हैं, जो महंगे से महंगा कॉफी बेचती हैं और लोग उन्हें पीते भी हैं, पर क्या आप जानते हैं कि दुनिया की 'सबसे महंगी'कॉफी कहां मिलती है? दरअसल, दुबई के एक इंडस्ट्रियल एरिया में एक कैफे है, जिसका नाम जूलिथ कैफे है। ये कैफे दुनिया की सबसे महंगी एक कप कॉफी परोसने का दावा करता है, जिसकी वजह से कैफे अब कॉफी प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है। जूलिथ कैफे की एक कप कॉफी की कीमत लगभग 1,000 डॉलर यानी करीब करीब 89 हजार रुपये बताई जाती है। इस दुर्लभ कॉफी के एक कप की कीमत आपको लगभग एक साल के स्टारबक्स लैटे के रोजाना एक कप कॉफी के बराबर पड़ेगी।



## एक कप कॉफी की कीमत 1,000 डॉलर

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जूलिथ इस कॉफी से लगभग 400 कप बनाकर उसे बेचने की योजना बना रही है और इसे लगभग 1,000 डॉलर प्रति कप की कीमत पर बेचा जाएगा। बताया जा रहा है कि इसमें चमेली जैसे सफेद फूलों की सुगंध, संतरे और बरगामोट जैसे खट्टे स्वाद और खुबानी और आड़ू का हल्का सा स्वाद है। साथ ही यह शहद जैसा मीठा भी है।

## कैफे ने नीलामी में खरीदी 20 किलो कॉफी बीन्स

कैफे के को-फाउंडर सेरकन साग्सोज ने फेसबुक पर इस महंगी कॉफी के बारे में बताते हुए एक वीडियो जारी किया है और कहा है, 'आखिरकार इंतजार खत्म हुआ. दुनिया की अब तक की सबसे मशहूर और टॉप ग्रेड वाली कॉफी जूलिथ में आ गई है।' जूलिथ ने पनामा में एक नीलामी में ये बीन्स खरीदी हैं। कैफे ने सिर्फ 20 किलो बीन्स के लिए 600,000 डॉलर यानी करीब 5 करोड़ रुपए की कीमत चुकाकर कॉफी के लिए अब तक की सबसे ज्यादा कीमत देने का रिकॉर्ड बनाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जूलिथ इस कॉफी से लगभग 400 कप बनाकर उसे बेचने की योजना बना रही है और इसे लगभग 1,000 डॉलर प्रति कप की कीमत पर बेचा जाएगा। बताया जा रहा है कि इसमें चमेली जैसे सफेद फूलों की सुगंध, संतरे और बरगामोट जैसे खट्टे स्वाद और खुबानी और आड़ू का हल्का सा स्वाद है।

# खौलते पानी में भी जिंदा रह सकता है यह जीव

**लंदन**। धरती पर कई ऐसे जीव पाए जाते हैं, जिनके बारे में जानकर आप हैरान हो जाएंगे। हम आपके एक ऐसे ही जीव के बारे में बताएंगे। यह जीव 'वॉटर बीयर' यानी टार्डिग्रेड्स है। इसे आप खौलते पानी में डाल दीजिए, भारी वजन के नीचे कुचल डालिए या फिर अंतरिक्ष में फेंक दीजिए, ये जिंदा रह जाएंगे। वैज्ञानिकों ने वर्ष 2007 में हजारों टार्डिग्रेड्स को सैटेलाइट में डालकर अंतरिक्ष में भेजा था। जब स्पेसक्राफ्ट धरती पर वापस आया तो देखा गया कि टार्डिग्रेड्स जिंदा थे। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि मादा टार्डिग्रेड ने अंडे भी दे रखे थे। आमतौर पर इंसान 35 से 40 डिग्री के तापमान में ही परेशान



हो जाता है, वहीं ये जीव 300 डिग्री फारेनहाइट तक तापमान को सहन कर सकता है। इतना ही नहीं, ये जीव अंतरिक्ष के ठंड और मरियाना ट्रेंच जैसे भारी दबाव वाले क्षेत्रों में भी जीवित रह सकता है। माना जाता है कि टार्डिग्रेड धरती के सबसे मजबूत जीव हैं, जो ज्वालामुखी से लेकर बर्फ में भी जीवित रह जाते हैं। टार्डिग्रेड्स आम तौर पर उन जगहों पर पाए जाते हैं, जो पानी की मौजूदगी के बाद सूख चुकी होती हैं।













हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com